डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com


दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 121 | पेज: 8 | जयपुर, बुधवार, 09 अप्रैल 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

# जयपुर धमाकों में बड़ा फैसला: चार आतंकियों को उम्रभर जेल

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर में 17 साल पहले हुए सीरियल बम धमाकों के दौरान जिंदा बम मिलने के मामले में दोषी पाए गए चार आतंकियों को मंगलवार को स्पेशल कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है।इससे पहले 4 अप्रैल को कोर्ट ने चारों आरोपियों – सैफुर्रहमान, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सरवर आजमी और शाहबाज अहमद – को दोषी करार दिया था। कोर्ट ने इस केस में 600 पन्नों का विस्तृत फैसला सुनाया।





गौरतलब है कि 13 मई 2008 को जयपुर में 8 सीरियल ब्लास्ट हुए थे, जिनमें 71 लोगों की मौत हो गई थी और 185 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। वहीं, नौवां बम चांदपोल बाजार के गेस्ट हाउस के पास मिला था जिसे समय रहते डिफ्यूज कर दिया गया था।इस ऐतिहासिक फैसले के साथ जयपुर धमाकों के पीड़ितों और शहरवासियों को आंशिक रूप से न्याय की उम्मीद बंधी है।

**शुक्रवार को दोषी करार दिया था**

चारों आतंकियों को अनलॉफुल एक्टिविटी प्रिवेंशन एक्ट (यूएपीए) की दो, विस्फोटक पदार्थ कानून की 3 धाराओं में दोषी ठहराया गया है। 4 अप्रैल को चारों आतंकियों को स्पेशल कोर्ट ने दोषी करार दिया था।दोषियों में शाहबाज को छोड़कर अन्य को सीरियल ब्लास्ट के मामले में फांसी की सजा सुनाई गई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने इन्हें बरी कर दिया था। 112 गवाहों के बयान हुए थे

एटीएस ने जिंदा बम मामले में इन सभी आरोपियों को 25 दिसंबर 2019 को जेल से गिरफ्तार कर लिया था। एटीएस ने जिंदा बम मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश की थी। इसमें एटीएस ने तीन नए गवाह शामिल किए थे। सुनवाई के दौरान एटीएस ने पत्रकार प्रशांत टंडन, पूर्व एडीजी अरविंद कुमार और साइकिल कसने वाले दिनेश महावर सहित कुल 112 गवाहों के बयान दर्ज करवाए थे।

## काबिल टीचर्स के लिए कोर्ट का फैसला अन्यायपूर्ण : ममता

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को उन शिक्षकों और स्टाफर्स से मुलाकात की, जिनकी भर्ती सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दी है। ममता बनर्जी ने कहा कि हम कोर्ट के आदेश से बंधे हुए हैं। यह फैसला उन कैंडिडेट्स के लिए अन्याय है, जो काबिल शिक्षक थे। ममता ने यह मुलाकात कोलकाता के नेताजी इनडोर स्टेडियम में की। इस दौरान उन्होंने कहा, आप लोग यह मत समझिए कि हमने फैसले को स्वीकार कर लिया है। हम पत्थरदिल नहीं हैं। मुझे ऐसा कहने के लिए जेल भी डाल सकते हैं, लेकिन मुझे फर्क नहीं पड़ता है। वहीं, शिक्षकों ने कहा कि घोटाले में सीएम,उनका मंत्रिमंडल और आयोग सभी शामिल हैं। नौकरियों के बदले रिश्वत ली गई है। सीएम ने आज हमें 'लॉलीपॉप' दिया है कि मामले की जांच कराएंगी।



## आसाराम को फिर 1 जुलाई तक अंतरिम जमानत



**जोधपुर (एजेंसी)।** जोधपुर के आश्रम में नाबालिग से रेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को गुजरात के बाद अब राजस्थान हाईकोर्ट से भी राहत मिली है। कोर्ट ने उसकी अंतरिम जमानत 1 जुलाई तक बढ़ा दी है।

## युवक ने बीच सड़क लड़की को गलत तरीके से छुआ

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु के एक वायरल वीडियो में युवक सड़क पर दो लड़कियों के पास जाकर उन्हें गलत तरीके से छूकर भागता हुआ दिखाई दे रहा है। वीडियो बेंगलुरु के बीटीएम लेआउट इलाके का है। घटना 3 अप्रैल की है।



सोमवार को जब कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर से इस पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा- इस तरह की घटनाएं बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में होती रहती हैं। हालांकि उन्होंने मामले को लेकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही उन्होंने पुलिस को गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया। छेड़छाड़ के बाद आरोपी भागता दिखा। बेंगलुरु पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर लिया है।

## जयपुर हिट एंड रन मामला: घायलों से मिलीं डिप्टी सीएम दीया कुमारी

जयपुर (रॉयल पत्रिका)।राजधानी जयपुर के नाहरगढ़ क्षेत्र में सोमवार देर रात हुए हिट एंड रन मामले में घायल लोगों से मिलने के लिए राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी मंगलवार को एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड पहुंचीं। वहां उन्होंने घायलों की कुशलक्षेम पूछी और उनके परिजनों से भी मुलाकात की।

डिप्टी सीएम ने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों के इलाज में कोई कोताही नहीं बरती जाए। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा, "इस तरह की घटना से मैं बहुत आहत हूं। हमारे पास नियम-कानून हैं, लेकिन उनका पालन करना भी बेहद जरूरी है। वाहन चलाते समय सभी को सावधानी बरतनी चाहिए।"

दीया कुमारी ने मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए बताया कि घटना के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें उचित मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही यह भी प्रयास किया जाएगा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उपमुख्यमंत्री ने



मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और बताया कि सरकार की ओर से उन्हें उचित मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार इस दिशा में काम कर रही है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

घटना के तुरंत बाद पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी मामले की गहराई से जांच कर रहे हैं और हादसे के कारणों की विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

यह घटना न केवल ट्रैफिक सुरक्षा की अनदेखी का उदाहरण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सड़क सुरक्षा को लेकर अब और भी गंभीर होने की जरूरत है।

बिहार में राहुल बोले-

## ट्रंप की वजह से शेयर बाजार में गिरावट

- पटना में कहा- देश में गरीब, आदिवासी सेकंड सिटीजन, मोदी जी माय एक्सपेरिमेंट विथ लाइज लिखेंगे



**बेगूसराय,पटना (एजेंसी)।** सोमवार को बिहार दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार और आरएसएस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी ने माय एक्सपेरिमेंटस् विथ ट्रूथ लिखा था। मोदी जी शायद माय एक्सपेरिमेंटस् विथ लाइज लिखेंगे।

शेयर बाजार में भारी गिरावट पर राहुल ने कहा, अमेरिकी प्रेसिडेंट ट्रम्प ने शेयर बाजार की धज्जियां उड़ी दी है। आज मार्केट धराशाई हो गया है।

आरएसएस पर हमला बोलते हुए कहा, देश के संविधान में सावरकर की सोच नहीं है। इसमें महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू और अंबेडकर जैसे लोगों की सोच है।

**बेगूसराय में कांग्रेस की पलायन रोको यात्रा में शामिल हुए-** राहुल गांधी पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में पहुंचे थे। इससे पहले उन्होंने बेगूसराय में कांग्रेस की पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में हिस्सा लिया। कन्हैया कुमार के साथ एक किलोमीटर पैदल यात्रा की।

## बाजार पर भारी पड़ा 'ट्रंप टैरिफ'

- सेंसेक्स 2227 अंक टूटा, निफ्टी 22000 से नीचे फिसला, 19 लाख करोड़ डूबे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सोमवार, 7 अप्रैल को शेयर मार्केट में साल की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट आई। इसके कारण निवेशकों के करीब 19 लाख करोड़ रुपए डूब गए। जापान, हॉन्गकॉन्ग समेत अन्य एशियाई बाजारों में भी बड़ी गिरावट देखी गई है। ऐसे में इस दिन को 'ब्लैक मंडे' कहा जा रहा है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह ट्रम्प का रेसिप्रोकल टैरिफ है। अनुमान लगाया जा रहा है कि 2025 के आखिर तक अमेरिका में आर्थिक मंदी आ सकती है।

**अमेरिकी एक्सपर्ट बोले- 1987 जैसा होगा हाल-** फाइनेंशियल कॉमेंटेटर और सीएलबीसी के शो मैड मनी के होस्ट जिम क्रैमर की चेतावनी के बाद भारतीय बाजार 4 प्रतिशत गिरकर कारोबार कर रहे हैं। क्रेमर ने दो दिन पहले कहा था कि अमेरिकी बाजार में 1987 जैसा 'ब्लैक मंडे' आ सकता है। क्रेमर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से दुनियाभर के देशों पर लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ को इसकी वजह बताया है। क्रेमर ने कहा- अगर ट्रम्प नियमों का पालन करने वाले देशों को राहत नहीं देते हैं, तो 1987 जैसे हालात बन सकते हैं। तब तीन दिन की गिरावट के बाद सोमवार को बाजार 22 प्रतिशत गिर गया था।

आज भारतीय बाजार का इंडेक्स सेंसेक्स 3000 अंक (4 प्रतिशत) गिरकर करीब 72,300 के स्तर पर है। निफ्टी में 900 अंक (4.50 प्रतिशत) की गिरावट है। ये 22,000 से नीचे कारोबार कर रहा था।

## ताइवान पर 6 महीने में चीनी हमला...

### ड्रैगन के मंसूबों पर अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट में बड़ा खुलासा, एशिया में छिड़ सकता है भीषण युद्ध

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन की ओर से ताइवान पर हमले का प्लान बनाया जा रहा है। चीन ने इसके लिए तैयारी कर ली है और इसी साल ये हमला हो सकता है। खुफिया सूत्रों से बातचीत के आधार पर की गई अपनी रिपोर्ट में 19 फोर्टीफाइव ने ये दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन अगले छह महीनों में ताइवान पर कब्जा करने की कोशिश कर सकता है। ये ऐसा समय हो रहा है जब चीनी सत्ता के गलियारों में ताइवान पर हमले की मांग बढ़ रही है। बीजिंग में सवाल हो रहा है कि अगर ताइवान को अब नहीं तो कब चीन का हिस्सा बनाया जाएगा।



अमेरिका ने लगातार ताइवान को अपना समर्थन देने के संकेत दिए हैं। हालांकि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के नेता मानते हैं कि अमेरिका के लिए ताइवान पर चीनी आक्रमण को रोकना मुमकिन नहीं होगा। चीनी सेना और सरकार ताइवान को अपने में मिलाने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। इनमें नाकाबंदी, सैन्य हमले और दूसरे विकल्प शामिल हैं। चीन, ताइवान के साथ जो कर रहा है। उसमें इंटरनेट और संचार के केबलों को काटना, चुनावों में हस्तक्षेप करना और गलत सूचनाएं फैलाना शामिल है। सूत्रों का ये भी मानना है कि अमेरिका इसमें दखल से सकता है और चीन की ये कोशिश ताइवान में बड़ी जंग की वजह बन सकता है।

## घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़े

- नई कीमतें आज से लागू होंगी, दिल्ली में अब 853 रुपए का मिलेगा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** घरेलू गैस सिलेंडर 50 रुपए महंगा हो गया है। आज यानी, सोमवार 7 अप्रैल को पेट्रोल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इसकी जानकारी दी। अभी दिल्ली में गैस सिलेंडर 803 रुपए में मिलता है। दाम बढ़ने के बाद कीमत 853 रुपए हो जाएगी। वहीं उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के गैस सिलेंडर की कीमत 500 से बढ़कर 550 रुपए हो जाएगी।

**पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 2 रुपए बढ़ी पर आम लोगों के लिए दाम नहीं बढ़ेंगे-** सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 2 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दी है। हालांकि, आधे घंटे बाद ये भी साफ किया कि इससे पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। इसे कच्चे तेल की घटी कीमतों से एडजस्ट किया जाएगा।अभी सरकार पेट्रोल पर 19.90 रुपए लीटर और डीजल पर 15.80 रुपए लीटर एक्साइज ड्यूटी वसूल रही है। इस बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल पर 21.90 रुपए लीटर और डीजल पर 17.80 रुपए लीटर ड्यूटी लगेगी।

## अगले 11 दिन देश में भीषण गर्मी का अनुमान

### बाड़मेर में 26 साल का रिकॉर्ड टूटा, एमपी में हीटवेव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 10 अप्रैल तक राजस्थान, मध्य प्रदेश के कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री से ऊपर जा सकता है। राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। आज सोमवार को 14 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। पिछले 26 साल में बाड़मेर में अप्रैल के पहले हफ्ते में यह सबसे ज्यादा तापमान है। अगले कुछ दिन गर्म से राहत मिलने की संभावना नहीं है।



मध्य प्रदेश में भी भीषण गर्मी ने समय से पहले ही दस्तक दे दी है। रविवार सोमवार को भोपाल का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इस सीजन में यह सबसे ज्यादा है। प्रदेश के 13 जिलों में तापमान 40 से 42.2 डिग्री के बीच रहा। मौसम विभाग के अनुसार, आज नीमच, मंदसौर, भिंड, मुरैना, श्योपुर और रतलाम में लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने 11 दिन तक देश के अधिकतर राज्यों में लू चलने और अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास रहने अनुमान लगाया है। 10 अप्रैल तक राजस्थान, गुजरात के कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री से ऊपर जा सकता है। उत्तर प्रदेश में इस साल अप्रैल से जून तक तापमान सामान्य से ज्यादा रहने और हीटवेव चलने की आशंका है। दिन का तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहने का अनुमान है। रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा रह सकता है। बीते दिन दिल्ली का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3.1 डिग्री ज्यादा है, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री कम 18.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

## रॉयल पत्रिका संपादकीय

# बाजार में डर

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर की वजह से वैश्विक मंदी के डर के साथ दुनिया भर में अनिश्चितता का माहौल है। अमेरिकी शेयर बाजार इस कदर खौफजदा है कि पिछले हफ्ते वहां का बेंचमार्क इंडेक्स S&P 500 9.1% गिर गया, जो मार्च 2020 में कोरोना वायरस की दहशत के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है। S&P 500 इस साल फरवरी के पीक से 17% से अधिक गिर चुका है। 20% से अधिक गिरावट आने पर बाजार मंदी में चला जाता है।

मार्केट में दहशत: इसका असर सोमवार को दुनिया के दूसरे बाजारों पर भी दिखा। हॉन्गकॉन्ग में बेंचमार्क इंडेक्स 12% से नीचे बंद हुआ, तो ताइवान का बाजार 10% नीचे। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स करीब 8% फिसल गया, जबकि दक्षिण कोरिया 5% से नीचे बंद हुआ। भारत में बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 3% से अधिक फिसला, वह भी तब जबकि इसमें पिछले साल अक्टूबर से ही गिरावट

पॉवेल से मदद नहीं: अमेरिका में दशकों से यह ट्रेंड रहा है कि जब भी निवेशक संकट में होते हैं, वहां का केंद्रीय बैंक किसी न किसी तरह की मदद करता आया है, लेकिन इस बार ऐसे कोई संकेत नहीं दिख रहे। अमेरिकी केंद्रीय बैंक के चीफ जेरोम पॉवेल ने पिछले शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी टैरिफ अनुमान से अधिक हैं और उसका अर्थव्यवस्था पर क्या असर होगा, यह समझने में वक्त लगेगा। यानी केंद्रीय बैंक की ओर से कोई मदद नहीं मिलने जा रही।

स्टीमुलस से आशा: ट्रंप के टैरिफ का दुनिया के दूसरे देशों पर क्या असर होगा, इसका अंदाजा लगने में भी वक्त लगेगा। इसलिए मार्केट के जानकार फिलहाल निवेशकों को इस अनिश्चितता के दूर होने का इंतजार करने की सलाह दे रहे हैं। ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से बताया कि चीन में अमेरिकी टैरिफ के असर से इकॉनमी को बचाने के लिए शी चिनफिंग सरकार स्टीमुलस पैकेज लाने की सोच रही है।

ज्यादा असर नहीं: भारत में हाल की तिमाहियों में कंजम्पशन डिमांड पर दबाव दिखा था, जिसमें इधर रिकवरी के संकेत मिले हैं और आने वाले वक्त में इसमें और सुधार होने की उम्मीद है। दूसरी बात यह है कि ट्रंप के टैरिफ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत असर नहीं होगा और इसके असर से बचने के लिए भारत सरकार अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत कर रही है। भारत पर टैरिफ भी दूसरे एशियाई देशों की तुलना में कम लगा है।

# क्या ट्रम्प ने टैरिफ बढ़ाकर सबसे बड़ी गलती कर दी ? धराशायी हो रहे बाजार, दुनिया भर से उठी आलोचना





जयपुर (रॉयल पत्रिका)।सोचिए, आपको सिरदर्द है और इलाज के लिए कोई आपके सिर पर हथौड़ा मार दे! अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई टैरिफ नीति पर जानकार कुछ ऐसा ही कह रहे हैं। ट्रम्प ने अमेरिका के घरेलू उत्पादों को बढ़ावा देने और व्यापार घाटा कम करने के मकसद से भारत, चीन, जापान और यूरोप समेत लगभग 100 देशों पर भारी टैरिफ लागू कर दिए हैं।

क्या होता है टैरिफ?

टैरिफ दरअसल एक सीमा शुल्क (बॉर्डर टैक्स) होता है, जिसे देश विदेशी वस्तुओं के आयात पर लगाता है। इसे आयातक कंपनियों से सरकार वसूलती है। इसका मकसद आयातित वस्तुओं को महंगा कर घरेलू उद्योग को बढ़ावा देना होता है।

ट्रंप का रेसिप्रोकल टैरिफ मॉडल: व्यापार घाटे का गणित

ट्रंप ने इसे 'रेसिप्रोकल टैरिफ' यानी 'जैसे को तैसा' टैरिफ करार दिया। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि इसमें कई खामियां हैं। दरअसल, ट्रंप प्रशासन ने इस नीति के लिए चार स्टेप्स में गणना की:

ट्रेड डेफिसिट कैलकुलेशन: उदाहरण के लिए अमेरिका भारत से 87 अरब डॉलर का सामान आयात करता है और सिर्फ 41 अरब डॉलर का सामान निर्यात करता है, तो ट्रेड डेफिसिट 46 अरब डॉलर होगा।

प्रतिशत में डेफिसिट: 46/87 = 52% का व्यापार घाटा।

टैरिफ हाफिंग: इस 52% का आधा करके 26% टैरिफ भारत पर लागू किया गया।

मिनिमम 10% नियम: यदि घाटा 10% से कम है तब भी कम से कम 10% टैरिफ लगाया गया — जैसे ब्राजील पर।

अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों की आलोचना

JNU के प्रोफेसर अरुण कुमार और विदेश मामलों के जानकार राजन कुमार इस नीति की आलोचना करते हुए कहते हैं कि यह असली रेसिप्रोकल टैरिफ नहीं है।

इसमें सिर्फ अमेरिका के फायदे को ध्यान में रखा गया है, जबकि अंतरराष्ट्रीय व्यापार संतुलन को नजरअंदाज कर दिया गया है।

उदाहरण:

ब्राजील: यूरोपीय यूनियन से अधिक टैरिफ लगाने के बावजूद केवल 10% टैरिफ।

बोत्सवाना: सिर्फ डायमंड निर्यात करता है, फिर भी 37% टैरिफ लगाया गया।

राजन कुमार कहते हैं, "यह सिरदर्द का इलाज सिर पर हथौड़ा मारने जैसा है। इससे अमेरिका और बाकी देशों को नुकसान होगा।"

रेसिप्रोकल टैरिफ का प्रभाव

अमेरिकी शेयर बाजार में भारी गिरावट:

ट्रंप की घोषणा के दो दिनों में अमेरिकी शेयर बाजार का मार्केट कैप 5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा घट गया। वैश्विक बाजारों जैसे जापान और भारत में भी गिरावट दर्ज हुई।

चीन का जवाबी हमला:

चीन ने अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर 34% टैरिफ की घोषणा की। चीन की स्टेट काउंसिल ने इसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों का उल्लंघन बताया।

फ्रांस की नाराजगी:

राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने स्पष्ट कहा कि जब तक स्थिति स्पष्ट नहीं होती, फ्रांस अमेरिका से व्यापार नहीं करेगा।

भारत की हीरा इंडस्ट्री पर असर:

अमेरिका भारत से 30% डायमंड इम्पोर्ट करता है। टैरिफ बढ़ने से एक्सपोर्ट में गिरावट आने की आशंका है। कामा ज्वेलरी के डायरेक्टर कोलिन शाह ने इसे कठोर और निर्यात विरोधी बताया।

कनाडा और ब्राजील का जवाब:

कनाडा ने अमेरिकी कारों पर 25% टैरिफ का ऐलान किया। ब्राजील ने भी जवाबी टैरिफ की अनुमति देने वाला विधेयक पास किया है और मामला WTO में ले जाने की बात कही है।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एक बार फिर दुनिया भर की सुर्खियों में हैं। इस बार वजह है उनकी 'रेसिप्रोकल टैरिफ' नीति, जो उन्होंने 2 अप्रैल को लागू करने की घोषणा की।

इस नीति के तहत ट्रम्प ने भारत, चीन, जापान, यूरोप और तकरीबन 100 देशों पर भारी-भरकम टैरिफ लगा दिए हैं। टैरिफ यानी सीमा शुल्क — जो किसी भी देश की ट्रेड नीति का सबसे तेज़ और असरदार हथियार होता है।

क्या कहा ट्रम्प ने?

घोषणा करते हुए ट्रम्प ने कहा,

"आज लिबरेशन डे है, जिसका अमेरिका को लंबे समय से इंतज़ार था। अब हम जैसे को तैसा जवाब देंगे।"

उन्होंने इसे 'रेसिप्रोकल टैरिफ' बताया, यानी जितना टैक्स अमेरिका के सामान पर कोई देश लगाएगा, अमेरिका भी उतना ही टैक्स उस देश के उत्पादों पर लगाएगा। लेकिन क्या ये वाकई इतना सीधा है?

पॉलिसी का फॉर्मूला: गणित तो है, लेकिन गड़बड़ है

जानकारों के अनुसार ट्रम्प की टैरिफ नीति को देखने पर यह समझ आता है कि इसमें 'रेसिप्रोकल' जैसा कुछ नहीं है, बल्कि यह केवल ट्रेड डेफिसिट (व्यापार घाटा) पर आधारित गणना है।

प्रोफेसर अरुण कुमार (JNU) कहते हैं:

"यह नीति दिखने में गणितीय लगती है, लेकिन असल में यह सिरदर्द का इलाज हथौड़े से करने जैसी है।"

नीति के 4 स्टेप्स:

अमेरिका ने हर देश से ट्रेड डेफिसिट निकाला।

उस डेफिसिट को आयात पर डिवाइड कर प्रतिशत निकाला।

उस प्रतिशत का आधा करके उसे टैरिफ बना दिया।

न्यूनतम 10% टैरिफ तय कर दिया, चाहे डेफिसिट कम हो या न हो।

भारत को 26% टैरिफ का झटका

अमेरिका भारत से हर साल लगभग 87 अरब डॉलर का सामान आयात करता है और केवल 41 अरब डॉलर का निर्यात करता है।

यानी 46 अरब डॉलर का घाटा। यही 52% ट्रेड डेफिसिट बनता है। उसका आधा यानी 26% का टैरिफ भारत के प्रोडक्ट्स पर लगाया गया है।

इसका सीधा असर डायमंड इंडस्ट्री, टेक्सटाइल, जेम्स एंड ज्वेलरी, फार्मा, और IT सेक्टर पर पड़ेगा।

कोलिन शाह, डायरेक्टर, कामा ज्वेलरी: "यह टैरिफ हमारी उम्मीद से कहीं ज्यादा है, एक्सपोर्टर्स को बड़ा झटका लगेगा।"

दुनिया का रिएक्शन: जवाबी हमले शुरू

चीन ने 34% जवाबी टैरिफ की घोषणा की और अमेरिका की नीति को "एकतरफा धमकी" बताया।

फ्रांस ने कहा जब तक टैरिफ पर स्थिति स्पष्ट नहीं होती, "अमेरिका से व्यापार बंद"।

कनाडा ने अमेरिकी कारों पर 25% टैरिफ लगाया।

ब्राजील की संसद ने रेसिप्रोकल बिल पास किया और WTO में केस की तैयारी की जा रही है।

ट्रेड वॉर का असर: बाज़ार धराशायी

ट्रम्प के ऐलान के बाद अमेरिकी शेयर बाजार से 5 ट्रिलियन डॉलर का मार्केट कैप उड़ गया।

जापान, भारत, फ्रांस, जर्मनी — सभी के बाज़ारों में गिरावट आई।

अमेरिकी जनता को अब इम्पोर्टेड चीज़ें महंगी मिलेंगी, जिससे महंगाई बढ़ेगी।

क्या ये फैसला पलटेंगे ट्रम्प?

राजन कुमार, JNU के इंटरनेशनल अफेयर्स एक्सपर्ट के मुताबिक:

"इस नीति से ना केवल दुनिया परेशान है, बल्कि अमेरिका की इकोनॉमी भी दीर्घकाल में चरमराएगी। ट्रम्प को जल्द ही बैकफुट पर आना पड़ सकता है।"

## ऑनलाइन गेमिंग एप्स

मुरारी गुप्ता




# अकर्मण्यता के जाल में युवा ऊर्जा

जयपुर जिले के कुणाल सिंह को कुछ सालों पहले आईपीएल देखने का चस्का लगा था। मोबाइल पर आईपीएल देखते-देखते वह इसी खेल से जुड़े ऑनलाइन गेम एप में रजिस्टर हो गया। अब क्रिकेट देखने के साथ एप पर खेलने का चस्का लगा। क्रिकेट से ज्यादा एप का शौक पैदा हुआ। कुछ पैसे खाते में आने लगे। उसका चस्का और बढ़ा। पैसा जीतने और हारने के खेल में उसने अपना घर गिरवी रख दिया। घर गिरवी रखने के बाद अब उसकी मानसिक हालात ऐसी है कि वह पागलों की तरह व्यवहार करने लगा है। आये दिन घर में पत्नी और बच्चों के साथ मार-पीट और जैसे-तैसे उधार लेकर नशा उसका रूटीन बन गया है। सड़क के ऊपर चमचमाते बोर्डों पर बड़ी खेल और फिल्म शख्सियतों की तस्वीरों के साथ दिखाए जा रहे रातों-रात अमीर होने के सपनों में देश के युवा किसी गहरी,अनजानी और अकर्मण्यता की सुनसान गली में धंसते जा रहे हैं। यह ऐसी संकरी गली है, जिसकी संकरी दीवारों पर चमचमाते ख्वाब उगे हुए हैं, मगर उनकी जड़ें उंगली भर भी नहीं है। यह लत की संकरी गली है, जिसमें वापसी का कोई रास्ता नहीं है। कई बार यह संकरी गली जीवन के बर्बाद होने और आत्महत्या के महासागर में भी मिल जाती है। तकनीक के विकास के साथ ऑनलाइन गेमिंग एप्स युवाओं के जीवन का दिलचस्प अंग बन चुके हैं। हालांकि, ये एप्स मनोरंजन और कौशल विकास के कुछ अवसर प्रदान कर सकते हैं, लेकिन इनके बढ़ते प्रभाव ने समाज में अनके तरह की चिंताएं पैदा कर दी है। ऑनलाइन सट्टेबाजी, फैंटेसी गेम्स और अन्य प्लेटफॉर्म्स ने नई पीढ़ी को आर्थिक और मानसिक रूप से बुरी तरह झकझोर दिया है। दुर्भाग्य की बात यह है कि जिन्हें युवा पीढ़ी अपना भाग्य समझती है, अपना सितारा समझती है, वे सितारे ही इन गेम्स को प्रमोट करते नजर आते हैं। इनमें कुछ तो पद्मश्री प्राप्त सितारे भी हैं। बड़ी सेलिब्रिटीज और क्रिकेट खिलाड़ियों द्वारा इनका प्रचार किए जाने से इन गेम्स को सामाजिक स्वीकृति मिल रही है। यह एक गंभीर मुद्दा है। ऑनलाइन गेमिंग एप्स का सबसे बड़ा नकारात्मक प्रभाव युवाओं की उत्पादकता पर पड़ रहा है। मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि गेमिंग की लत नई पीढ़ी में एकाग्रता की कमी के साथ उनमें मानसिक तनाव और आक्रामकता को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत में लॉटरी गैर कानूनी है। देश में लॉटरी रेगुलेशन एक्ट-1998 लागू है। ये एक्ट साफ तौर पर लॉटरी खेलने पर प्रतिबंध लगाता है। हालांकि इसमें एक छूट दे रखी है कि अगर राज्य सरकारें अपनी आधिकारिक लॉटरी चलाना चाहें, तो ऐसा कर सकती हैं। हालांकि कुछ राज्यों में अब भी लॉटरी चल रही हैं, लेकिन फैंटेसी गेम्स के नाम पर अब कई ऑनलाइन गेम्स चल रहे हैं, जिसे वैधानिक छूट भी प्राप्त है। हालांकि कुछ राज्य सरकारों ने इन फैंटेसी गेम एप्स पर भी प्रतिबंध लगा रखा है। इन गेम्स को कौशल आधारित खेल बताया जाता है, जिसमें गेम खेलने वाला कथित तौर पर अपने कौशल का उपयोग कर टीम बनाता है, और गेम खेलता है। ऑनलाइन गेमिंग के साथ अंतर केवल इतना है कि यह अब डिजिटल हो गया है और बड़ी-बड़ी हस्तियां इसे प्रमोट कर रही हैं। विज्ञापनों में दिखाया जाता है कि ये गेम्स मनोरंजन और कौशल के लिए हैं, लेकिन असल में ये जुए को ही बढ़ावा देते हैं। युवाओं पर इनका गहरा प्रभाव पड़ता है, क्योंकि वे अपने आदर्शों को फॉलो करते हैं। बड़ा सवाल क्या यह है कि क्या यह नैतिक रूप से उचित है? बड़ी हस्तियों का समाज पर प्रभाव होता है। यदि वे नैतिक जिम्मेदारी निभाएं, तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। राज्य को ऑनलाइन गेमिंग एप्स को नियंत्रित करने के लिए सख्त कानून बनाने चाहिए। गेमिंग रेगुलेशन बनाकर एक स्पष्ट कानून बनाना चाहिए जिससे इन एप्स की गतिविधियों को नियंत्रित किया जा सके। सेलिब्रिटीज को ऐसे गेम्स के प्रचार से रोका जाए। इन प्लेटफॉर्म्स पर 21 वर्ष से कम आयु के लोगों की भागीदारी पर रोक लगनी चाहिए। युवाओं को सिखाया जाए कि कैसे सही तरीके से निवेश किया जाए और आर्थिक नुकसान से बचा जाए। समाज के स्तर भी जागरूकता की आवश्यकता है। माता-पिता को बच्चों पर नजर रखने की जरूरत है। स्कूलों और कॉलेजों में ऑनलाइन गेमिंग की लत से बचने के उपायों पर चर्चा होनी चाहिए। ऑनलाइन गेमिंग एप्स, विशेष रूप से सट्टा आधारित खेल, समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुके हैं। यदि सरकार और समाज ने समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया, तो यह समस्या और विकराल रूप धारण कर सकती है। एक पूरी पीढ़ी अकर्मण्यता की शिकार हो सकती है, जिसका खामियाजा अंततः देश और समाज को होगा।

(लेखक उपन्यासकार और डीडी न्यूज में संपादक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आनंदमय कोष की प्राप्ति



संकलित

दर्शन

अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष के पश्चात प्रवेश होता है आनंदमय कोष में। अन्न से उत्पन्न यह शरीर त्वचा, मांस, चर्म और रुधिर युक्त है। यह आत्मा नहीं है। प्राणमय कोष भी आत्मा नहीं, क्योंकि प्राण वायु के रूप में शरीर में आता-जाता है। मनोमय कोष व्यक्ति को विषयों में आसक्त करता है और आत्मभाव में स्थित नहीं होने देता है, इसलिए यह भी आत्मा नहीं है। जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति, सुख-दुख, जन्म-मरण, लाभ-हानि विज्ञानमय कोष में रहते हैं, इसलिए यह भी आत्मारूप आनंदमय कोष नहीं हो सकता है। श्रीरामचरितमानस में मात्र श्रीभरत इन कोषों का उपादान रूप में उपयोग करते हुए भी आनंदमय कोष हैं, जिनका राम से सर्वथा ऐक्य है। सारा संसार भरत की इस महत भूमिका के कारण ही दीपावली का प्रकाश पर्व मनाता है।दीपावली सनातन संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरा कार्तिक माह घरों तथा व्यापारिक संस्थानों की स्वच्छता व सजावट में लग जाता है। दीपावली के इस दृष्ट बाह्य और लौकिक रूप में कौन-सा आंतरिक तत्व छिपा है, जिसे जानने के पश्चात दीपावली हमें हमारे मूल वैदिक परंपराओं की नींव से जोड़ देती है। श्रीरामचरितमानस में भक्ति के सोपानों का वर्णन अरण्यकांड में है, जिसका विश्लेषण भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण की जिज्ञासा-समाधान में करते हैं। उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के सोपानों का वर्णन मानस के अंतिम उत्तरकांड में काकभुशुंडि जी गरुड़ जी के समक्ष करते हैं।

## अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं



संकलित

प्रेरणा

एक गांव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहां जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गरमियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहां चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गरमी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनियां हो गया । चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची। इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया–' तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।' !

## चरक अनुष्ठान



पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में बंगाली कैलेंडर वर्ष के अंतिम दिन मनाए जाने वाले चरक अनुष्ठान से पहले देवी काली की पोशाक पहने एक भक्त।

## आज की पाती

### व्यक्ति का आंतरिक व्यक्तित्व ही स्थिर व्यक्तित्व

आज व्यक्ति दो व्यक्तित्व का जीवन जी रहा है। एक उसका बाहरी व्यक्तित्व है जिसे उसके आसपास का वातावरण नियंत्रित करता है। यह व्यक्तित्व परिवर्तनशील है। बाहरी वातावरण के बदलने से यह भी बदल जाता है। उदाहरणतः व्यक्ति जब किसी धार्मिक या आध्यात्मिक वातावरण के संपर्क में आता है तो उसके संपूर्ण व्यक्तित्व में सात्विकता को अनुभव किया जा सकता है और जब बाहरी वातावरण भौतिकवादी होता है तो व्यक्तित्व में भी भौतिकता दृष्टिगोचर होती है। दूसरा है आंतरिक व्यक्तित्व, जो बाहरी वातावरण के कारकों से अप्रभावित रहता है। व्यक्ति का आंतरिक व्यक्तित्व ही उसका एक स्थिर व्यक्तित्व हो सकता है। आज हर कोई काफी कुछ होने के बावजूद असंतुष्ट है।

*- पवन यादव, बालोद*

## ट्रेंड

### परिवर्तनकारी सुधार किए



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ईपीएफओ ने अपने सदस्यों के लिए जीवन को और आसान बनाने के लिए पिछले एक साल में कई परिवर्तनकारी सुधार किए हैं। इन सुधारों के कारण दावों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

- मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

### इजराइली बंधकों का दर्द सुना



मैं फिर से इज़रायली बंधकों के रिश्तेदारों से मिला और उनका सुना। मैंने उनके क्रूर अपहरण और भयानक व्यवहार के लिए हमास की निंदा की। मैंने सभी बंधकों को तुरंत और बिना शर्त रिहा करने के अपने आह्वान को दोहराया।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### भाजपा की सत्ता की प्यास



भाजपा की सत्ता की प्यास के आगे कोई प्यास महत्त्व नहीं रखती है। हृदयहीन भाजपा को मन में दयाभाव रखने वाले लोग पसंद नहीं हैं, इसीलिए जिस कर्मचारी ने प्यासे जानवरों को पानी पिलाया, उसी को भाजपा सरकार ने निलंबित कर दिया।

-अखिलेश यादव, सपा प्रमुख

### मुंबई कभी नहीं सोता



अभी भी हम मुंबई में एक ऐसा शहर पा सकते हैं जो कभी नहीं सोता और बड़े सपने देखता है, अजनबी जो आपकी मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, देश का सबसे बढ़िया खाना, एक ऐसा समुद्र जो आपकी उथल-पुथल को शांत कर देगा।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# 11वें योग दिवस की वर्ल्ड ट्रेड सेंटर से उलटी गिनती शुरू



न्यूयॉर्क शहर के प्रतिष्ठित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 75 दिन की उलटी गिनती की औपचारिक शुरुआत हुई। न्यूयॉर्क स्थित भारत के वाणिज्य दूतावास ने "योग दिवस में 75 दिन शेष" नामक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम 21 जून को दुनिया भर में मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का हिस्सा है। बारिश भरी सोमवार की सुबह, मैनहट्टन और न्यू जर्सी के विहंगम दृश्यों के बीच यह योग सत्र 1,776 फुट ऊंची वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर स्थित 'वन वर्ल्ड ऑब्जर्वेटरी' में संपन्न हुआ। भारत के वाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह लगभग एक घंटे का योग सत्र अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 75 दिनों की उलटी गिनती के उत्सव का प्रतीक है। 'आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन' की प्रतिष्ठित योग प्रशिक्षक रुचिका लाल ने इस विशेष सत्र का नेतृत्व किया जिसमें उप वाणिज्य दूत विशाल हर्ष, भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य, छात्र और योग प्रेमी शामिल हुए। भारत के वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल से बिनय प्रधान ने आत्मिक योग सत्र के साथ उलटी गिनती की शुरुआत की।'

## ऑफ बीट

# विलुप्त प्रजाति 'डायर वुल्फ' से मिलते-जुलते भेडिये मिले



विलुप्त हो चुके 'डायर वुल्फ' से मिलते–जुलते, आनुवंशिक रूप से रूपांतरित तीन भेड़िये अमेरिका में एक अज्ञात सुरक्षित स्थान पर रह रहे हैं। यह जानकारी लुप्त प्रजातियों को वापस लाने के लिए काम कर रही कंपनी ने दी। 'कोलोसल बायोसाइंसेज' के शोधकर्ताओं ने बताया कि भेड़ियों के इन शावकों की उम्र तीन से छह महीने के बीच है, इनके लंबे एवं सफेद बाल हैं, मांसल जबड़े हैं और इनका वजन लगभग 80 पाउंड है जो उनके वयस्क होने पर 140 पाउंड तक पहुंच जाएगा। 'डायर वुल्फ' 10,000 वर्ष से अधिक समय पहले विलुप्त हो गए थे।स्वतंत्र वैज्ञानिकों ने कहा कि इस नवीनतम प्रयास का अर्थ यह नहीं है कि निकट भविष्य में 'डायर वुल्फ' उत्तर अमेरिका के घास के मैदानों में फिर से नजर आएंगे। बफेलो विश्वविद्यालय के जीवविज्ञानी विन्सेंट लिंच ने कहा कि 'अब आप बस इतना ही कर सकते हैं कि किसी जीव को सतही तौर पर किसी और जीव जैसा बना दें'', लेकिन विलुप्त प्रजातियों को पूरी तरह से पुनर्जीवित नहीं किया जा सकता। लिंच इस शोध में शामिल नहीं थे। वैज्ञानिकों ने जीवाश्मों से प्राचीन डीएनए की जांच करके 'डायर वुल्फ' के विशिष्ट लक्षणों के बारे में पता लगाया।

रॉयल पत्रिका

# बारां महोत्सव का रंगारंग आगाज, लोक संस्कृति और परंपराओं की छटी बिखेरी

## -पल्लवी किराड़ को मिला बारां की बींदणी का खिताब



बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिले के 35वें स्थापना दिवस के आयोजन के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय बारां महोत्सव का मंगलवार को भव्य शुभारंभ हुआ। जिला प्रशासन की ओर से शहर के संस्था धर्मादा धर्मशाला परिसर में आयोजित इस महोत्सव की शुरुआत महिलाओं की विविध प्रतियोगिताओं के साथ की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राधेश्याम बैरवा, जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर एवं पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।

**पहले दिन की रंगारंग प्रस्तुतियां**

महोत्सव के पहले दिन पूरे जिले से बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां व आम नागरिक शामिल हुए। महिलाओं के लिए आयोजित बारां री बींदणी- मिसेज बारां में नवविवाहिताओं ने खासा उत्साह दिखाया। रैम्प वॉक, इंट्रोडक्शन और नृत्य के माध्यम से प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आयोजन में राजस्थानी रंग बिखेर दिए। मेहंदी, मांडना और रंगोली प्रतियोगिताएं भी विशेष आकर्षण रहीं। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने पारंपरिक रंगों, डिजाइनों और कलाकारी से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों ने खूब सराहना की। परिसर में ही विविध स्टॉल्स लगाकर हैण्डीक्राफ्ट व स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया।

**अतिथियों का भ्रमण और प्रोत्साहन**

शुभारंभ के बाद अतिथियों ने आयोजन स्थल पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का अवलोकन किया। मांडना, रंगोली एवं मेंहदी की कलात्मक प्रस्तुतियों को देखकर अतिथियों ने प्रतिभागियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर लगे स्थानीय उत्पादों के स्टॉल्स का निरीक्षण भी किया गया, जहां हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद, पारंपरिक वस्त्र एवं महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्री प्रदर्शित की गई थी। विधायक एवं कलक्टर ने इन स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुए उनके प्रचार-प्रसार पर बल दिया।

**लोक संस्कृति की जीवंत झलक**

कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण 'बारां की बींदणी' की प्रस्तुति रही, जिसमें जिले की सांस्कृतिक विरासत, वेशभूषा एवं पारंपरिक लोकनृत्य का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत संगीत एवं नृत्य कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

बारां री बींदणी प्रतियोगिता में प्रथम पल्लवी किराड़, द्वितीय मानसी सिंघल व तृतीय चंचल गौतम रही। मेहन्दी प्रतियोगिता में शिवानी ने प्रथम,योगिता चौरसिया ने द्वितीय व पूजा नामा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार मांडना में प्रथम लक्ष्मी हाड़ा, द्वितीय दमयंती अग्रवाल व तृतीय संतोष शर्मा वहीं रंगोली में प्रथम ममता अग्रवाल, द्वितीय संयुक्त रुप से सीमा नामा व पूजा काबरा, तृतीय बुलबुल रही। प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों द्वारा मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एडीएम दिवांशु शर्मा, सीईओ राजवीर सिंह चौधरी, नगर परिषद आयुक्त अनिल चौधरी, विभिन्न जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन में जिले के सामाजिक संगठनों का सराहनीय सहयोग सराहनीय रहा, जिन्होंने व्यवस्था, सहभागिता एवं संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**9 अप्रैल को होंगे खेलकूद, शोभायात्रा और आतिशबाजी के आकर्षक कार्यक्रम**

बुधवार को सुबह 7 बजे खेल संकुल, बारां में महिलाओं की खेलकूद प्रतियोगिता होगी। दोपहर 2 बजे वरिष्ठजनों के लिए साफा बंधन, कविता पाठ आदि प्रतियोगिताएं प्यारेराम जी के मंदिर परिसर में आयोजित होंगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे से भव्य शोभायात्रा, कलश यात्रा एवं बॉडी बिल्डिंग प्रदर्शन निकाला जाएगा, जो संस्था धर्मादा चौराहा होते हुए श्रीराम स्टेडियम में समापन होगा। शोभायात्रा की समाप्ति के बाद सायं 6:30 बजे श्रीराम स्टेडियम में स्काई लैम्प और भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा।

# पत्रकारों के परम हितैषी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



झुंझुनूं, (रॉयल पत्रिका)। जब कोई व्यक्ति जमीनी स्तर से संघर्ष करने के बाद सफलता के पायदान को छूता है, तो उसे रास्ते में आनें वाली हर बाधाओं और निचले स्तर पर कार्य कर रहे व्यक्तियों के संघर्ष का भली भांति अनुभव होता है। सीएम भजनलाल शर्मा भी इसी का एक उदाहरण है। प्रशासन की सबसे निचली ईकाई ग्राम पंचायत के सरपंच से करिअर की शुरुआत करने वाले भजनलाल शर्मा ने संगठन में दो दशक तक निचले स्तर पर कार्य किया है। यही वजह है कि उन्हें हर आम-खास के जीवन की समस्याओं का अच्छा व्यवहारिक अनुभव है। संगठन में कार्य करने के दौरान ही उन्होंने मीडिया कॉर्डिनेशन का कार्य करते हुए पत्रकारों की समस्याओं को भी व्यवहारिक रूप से देखा और महसूस किया। यही वजह है कि अपने कार्यकाल में उन्होंने लगातार पत्रकारों के हितों की बात की है।

सबसे पहले उन्होंने अधिस्वीकृक्तिकरण को लेकर अहम फैसला लेते हुए आयुसीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की। गौरतलब है कि पहले बतौर स्वतंत्र पत्रकार अधिस्वीकृक्तिकरण की न्यूनतम आयु 50 वर्ष थी, जो भजनलाल सरकार ने 45 वर्ष कर दी है। इस फैसले से निश्चित तौर पर असंख्य पत्रकारों को लाभ मिलेगा, क्योंकि राज्यसरकार से किसी भी मदद को प्राप्त करने के लिए पहली सीढी किसी पत्रकार का अधिस्वीकृतिकरण है। पत्रकार संगठनों ने भी इस फैसले का खुले दिल से स्वागत किया है। वहीं अक्सर मीडिया संस्थानो द्वारा पत्रकारों को कम वेतन पर ही कार्य करने का मजूबर किया जाता है, ऐसे में समाज को दिशा दिखाने वाले पत्रकार अक्सर अपने परिवारजनों के प्रति चितित दिखाई देते हैं, खासतौर से स्वास्थ्य संबंधी समस्या आने पर या परिवार में किसी सदस्य के बीमार होने पर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यहां भी संवेदनशीलता दिखाते हुए पत्रकारों के लिए राजस्थान जर्नलिस्ट हैल्थ स्कीम यानी आरजेएचएस लागू की है, जिसमें 10 लाख रुपए तक का ईलाज कैशलेस तरीके से मुफ्त हो सकेगा। यह निश्चित तौर पर पत्रकारों के लिए बड़ा राहतभरा फैसला साबित होगा।

# ज्योति विद्यापीठ मे हुआ विदाई समारोह आयोजित



झुंझुनूं, (रॉयल पत्रिका)। बगड़ कस्बे में स्थित ज्योति विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को कक्षा 12 के विद्यार्थियों को कक्षा 11 के विद्यार्थियों के द्वारा विदाई पार्टी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमांशु सिंह जिला जनसंपर्क अधिकारी झुंझुनूं रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत सत्कार किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न साँस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती किरण देवी ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर तथा केक काटकर उनका स्वागत किया । मुख्य अतिथि ने अपने अभिभाषण में बताया कि विद्यार्थी जीवन के बाद एक जिम्मेदारी भरा जीवन शुरू होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे के बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक चिरंजीलाल सैनी ने विद्यालय में नर्सरी से 12 तक शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को उनके आगे की जीवन के लिए प्रोत्साहित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर ज्योति विद्यापीठ परिवार एवं समस्त स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहा तथा विद्यार्थियों को उनके आगे की जीवन के लिए शुभकामनाएं दी, तथा वे जीवन में अपने परिवार तथा ज्योति विद्यापीठ स्कूल का नाम रोशन करें। मिस फेयरवेल खुशी शर्मा तथा मिस्टर फेयरवेल अभिषेक सैनी रहे।

# न्यायाधीश भाटी ने जिला कारागृह पाली का किया निरीक्षण

पाली, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार विक्रम सिंह भाटी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश), पाली द्वारा जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 91 बन्दी पाली जिला कारागृह में निरूद्ध मिले।

निरीक्षण के दौरान सचिव भाटी द्वारा प्रत्येक बैरक में जाकर बन्दीगण से वार्तालाप कर कारागृह में भोजन, चिकित्सीय सुविधा, पेयजल, सफाई व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त कोई भी बन्दी निजी अधिवक्ता करने में असमर्थ हो अथवा विधिक सहायता के अभाव में बिना अधिवक्ता के कारागृह में निरूद्ध ना रहे तथा ऐसे बन्दी जिनकी जमानत होने के उपरांत भी कारागृह में निरूद्ध हो इस संबंध में भी जानकारी ली गई। यह भी सुनिश्चित किया गया कि कोई भी नाबालिग बंदी जिला कारागृह में निरूद्ध ना रहे।

प्राधिकरण सचिव भाटी द्वारा ओपन जेल के निरीक्षण के दौरान वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। ओपन जेल में 7 बंदी निरूद्ध है। सचिव भाटी द्वारा ओपन जेल में निरूद्ध बंदियों को उनकी सजा विरूद्ध उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय में अपील किए जाने के संबंध में जानकारी ली गई। जिन बंदियों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सजा को बरकरार रखे जाने के आदेश दिए गए उनके विरूद्ध सर्वोच्च न्यायालय में अपील किए जाने के लिए विधिक सहायता उपलब्ध करवाए जाने की जानकारी दी गई। किसी भी सजायाफ्ता बंदी द्वारा अपील के लिए विधिक सहायता हेतु मांग नहीं की गई।

निरीक्षण के दौरान जोराराम कारापाल जिला कारागृह, सुश्री वैशाली व्यास एवं अलताफ हुसैन जेल विजिटिंग लॉयर्स आदि उपस्थित रहे।

# स्काउट गाइड ने वृक्षारोपण कर लगाए परिंडे

## -परिंडे और चुग्गा पात्र लगाकर किया अभियान का आगाज



पाली, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय के जिला प्रशिक्षण केंद्र में पक्षियों के लिए परिंडा अभियान का आगाज आज मंगलवार को प्रशिक्षण केंद्र पर परिंडा ओर चुग्गा पात्र लगाकर परिंडा अभियान का आगाज किया गया।

कार्यकम में जिला स्काउट गाइड संगठन के अध्यक्ष और पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया इस अवसर पर सहायक स्टेट कमिश्नर गाइड नूतन बाला कपिला, जिला संगठन के उपप्रधान ताराचंद जैन, रमेश चंद्र वैष्णव, आजीवन सदस्य प्रतिनिधि ओम प्रकाश परिहार, गाइडर लीला जैन, पूर्व पार्षद अशोक बाफना और विकास बुबकिया एवं पुखराज सुथार आदि ने स्काउट ग्राउंड में पक्षियों के लिए परिंडा लगाकर अभियान का आगाज किया।

सीओ स्काउट गोविन्द मीना ने बताया कि कार्यक्रम में भारतीय बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय राजनगर पाली के स्काउट और गाइड ने स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र पर श्रमदान कर पॉलीथिन उन्मूलन अभियान चलाया, इसके पश्चात स्काउट यूनिट लीडर जयपाल एवं दीपक जावा के निर्देशन में अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण कर आम और जामुन के पौधे लगाए गए। जिला कलेक्टर एवं जिला प्रशासन पाली की पहल पर मंगलवार को जिले भर में स्काउट गाइड द्वारा अपने-अपने विद्यालयों में मूक पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए परिंडे और चुग्गा पात्र लगाए गए। सीओ गाइड डिंपल दवे ने बताया कि इसी कड़ी में जिला प्रशिक्षण केंद्र बजरंगबाड़ी पाली में भी 21 परिंडे लगाकर अभियान का शुभारंभ किया गया साथ ही लगाए गए परिंड़ों में नियमित पानी एवं चुग्गा पात्र मे चुग्गा डालने की जिम्मेदारी ली गई। इस अवसर पर जिला एमओपी कोऑर्डिनेटर और राष्ट्रपति अवार्ड रोवर विशाल, अर्जुन, कृष्णा, रेंजर काव्या मौजूद रहे।

# पाली सोजत का 20 उमराह यात्रियों का जत्था पाली से दिल्ली रवाना कल होगी उड़ान 21 दिन मक्का और मदीना शरीफ में होगी इबाबत

पाली (रॉयल पत्रिका)। आज पाली व सोजत से एक मुस्लिम समाज का 20 सदस्यों का एक जत्था मक्का व मदीना मुबारक की उमराह जियारत के लिए पाली से रवाना हुआ पाली शहर के विभिन्न इलाकों में इन उमराह पर जा रहे उमराह यात्रियों को मुस्लिम समाज के लोगों ने माला पहनाकर इत्र खुशबू लगा कर मीठा मुह करवाने के साथ दस्तारबन्दी करवाने के साथ मक्का ओर मदीना शरीफ रवानगी पर विदाई दी इस जत्थे की कल सुबह दिल्ली से मक्का की उड़ान होगी यह उमराह यात्री 21 दिन मक्का ओर मदीना में इबादत में अपने दिन गुजरेंगे इस जत्थे में पाली से पहलवान आबिद अली रंगरेज, नसीम बानो, अब्दुल सत्तार, लाली बानो, आसिफ अली, समीर अली, मोनिका



बानो शहनाज बानो, सिमरन बानो, मुस्कान बानो, शहजाद अली,नजीर अली,मोहम्मद खुर्शीद, शायना बानो सहित 20 उमराह यात्रियों को विदाई दी गई ।

इस अवसर पर मुस्लिम समाज सदर हकीम भाई, उपाध्यक्ष हाजी मेहबूब टी, एडवोकेट साबिर खान, शहर कांग्रेस बाजार मंडल अध्यक्ष शक़ील नागौरी, हाजी मंजूर अली, हाजी मोहम्मद शरीफ, अय्यूब अली, रईस अली, आरिफ अली, जावेद जिलानी,हाजी साकिर अली एल जी, हाजी मोहम्मद बी एफ, हाजी तुराब अली, हाजी रुस्तम अली, हुसैन अली, इमरान अली,इरफान अली सहित मुस्लिम समाज के गणमान्य लोगों ने माला पहनाकर दस्तारबंदी कर उनकी सफल उमराह यात्रा की मुबारकबाद दी ।

# आईटीएमएस ई-टैक्स ऑफिसर मोड्यूल की जानकारी के संबंध में कार्यशाला आयोजित

पाली, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान सरकार द्वारा व्यापार मे कर प्रक्रिया के सरलीकरण करने के क्रम में वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा उपलब्ध करवाए गए, आईटीएमएस ई-टैक्स ऑफिसर मोड्यूल की जानकारी देने के सम्बंध में मंगलवार को अतिरिक्त आयुक्त (प्रशा.), वाणिज्यिक कर विभाग पाली के सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया।



विजय कुमार रावल, अतिरिक्त आयुक्त (प्रशा.) ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा व्यवहारियों के हित मे कर प्रशासन को सुगम, सरलीकृत एवं पारदर्शी बनाना है। इण्टीग्रेटेड़ टैक्स मैनेजमेन्ट सिस्टम आईटीएमएस ई-टैक्स ऑफिसर मोड्यूल वाणिज्यिक कर विभाग राजस्थान का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंश पर आधारित स्वः कर निर्धारण का नवाचार है, जिसका उद्श्शय करदाता की टैक्स कम्प्लॉयन्स को आसान बनाना है। ई-टैक्स ऑफिसर द्वारा व्यवहारियों की रिटर्न, नोटिस, कर निर्धारण आदेश, रिफण्ड़, रिप्स एवं ई-वे बिल्स इत्यादि सूचनाये समग्र रूप से एक मॉड्यूल पर उपलब्ध हो पाऐगी। इसी के साथ इस मोड्यूल के द्वारा करदाताओं की टैक्स कम्प्लाईन्स रेटिंग का भी आंकलन हो पायेगा तथा मासिक रिटर्न में इनपुट टैक्स क्रेडिट से सम्बंधित त्रुटियों से भी करदाताओं को समय-समय पर अलर्ट के माध्यम से अवगत करवा दिया जायेगा। व्यवहारी एसएसओ पोर्टल पर अपना पंजीयन करवाने के पश्चात् इस प्लेटफॉर्म का उपयोग कर पायेंगे। उपस्थित करदाताओं एवं अधिकारियों को आईटीएमएस ई-टैक्स ऑफिसर मोड्यूल का प्रशिक्षण विभाग के जितेन्द्र कुमार, राज्य कर अधिकारी द्वारा दिया गया।

# मनरेगा अकुशल श्रमिकों की मजदूरी दर 281 रुपए निर्धारित

बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना 27 मार्च 2025 के क्रम में आयुक्त (ईजीएस) के पत्रांक 28 मार्च 2025 द्वारा प्राप्त निर्देशों की पालना में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत नियोजित अकुशल श्रमिकों की मजदूरी दर वर्ष 2025-26 हेतु 281 रूपए प्रतिदिवस निर्धारित की गई है। उक्त मजदूरी दर राज्य स्तर से जारी आदेश दिनांक से प्रभावी होगी।

# भविष्य की उड़ान कार्यक्रम से प्रेरित भामाशाहों का राजकीय विद्यालयों के कायाकल्प की दिशा में बड़ा कदम

सवाई माधोपुर(रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर शुभम चौधरी की प्रेरणा से जिले में संचालित अभिनव कार्यक्रम भविष्य की उड़ान के अंतर्गत राजकीय विद्यालयों के विकास के लिए जनसहभागिता का अनुपम उदाहरण सामने आया है।



ग्राम सांचौली निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कैलाशचंद मीणा ने मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना के तहत ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से पाँच लाख रुपये का योगदान दिया है। यह चैक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांचौली के प्रधानाचार्य लल्लू लाल मीणा द्वारा जिला कलक्टर शुभम चौधरी को सौंपा गया। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा एवं एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीणा ने बताया कि रा.उ.मा.वि. सांचौली से प्राप्त 5 लाख रुपये की राशि पर राज्य सरकार द्वारा 60 प्रतिशत अंशदान के रूप में 7 लाख 50 हजार रुपये सहित कुल 12 लाख 50 हजार रुपये की राशि से विद्यालय में कक्षा-कक्ष निर्माण, सौंदर्यकरण तथा आवश्यक मरम्मत कार्य कराए जाएंगे।

इसी क्रम में पीईईओ हथडोली मोहन सिंह चंदेल द्वारा जन सहयोग से राउ.प्रा.वि. बांसड़ा नदी की छत मरम्मत हेतु 60 हजार रुपये, रा.प्रा.वि. सहरावता में विद्यार्थियों के लिए फर्नीचर क्रय हेतु 40 हजार रुपये, राउ.प्रा.वि. संवासा नदी में फर्श निर्माण हेतु 21 हजार रुपये का चैक मुख्यमंत्री विद्यालय विकास जनसहभागिता योजना अंतर्गत जिला कलक्टर को सुपुर्द किए।

कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले में सरकारी विद्यालयों की आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण हेतु शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे "भविष्य की उड़ान" कार्यक्रम जनसहयोग के माध्यम से एक नई दिशा प्राप्त कर रहा है। प्राप्त राशि एवं राज्य सरकार के अंशदान से विद्यालयों में आवश्यक भौतिक विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे न केवल विद्यालयों का कायाकल्प हो रहा है, बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध हो रही हैं। यह पहल शिक्षा क्षेत्र में सामूहिक उत्तरदायित्व और जनभागीदारी की मिसाल बन रही है।

इस अवसर पर रा.प्रा.वि. बांसड़ा नदी के प्रधानाध्यापक धर्मराज सैनी, सहरावता के प्रधानाध्यापक मोहम्मद इशाक खान, संवासा नदी के प्रधानाध्यापक कृष्ण गोपाल गुर्जर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पोषण पखवाड़े का हुआ शुभारम्भ

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। पोषण अभियान अन्तर्गत 8 से 22 अप्रैल तक सप्तम पोषण पखवाड़ा के अन्तर्गत मंगलवार को जीवन के पहले 1000 दिनों पर ध्यान केन्द्रीत करने हेतु थीम पर पोषण पखवाडा का शुभारम्भ मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया एवं उप निदेशक समेकित बाल विकास सेवाऐं प्रियंका शर्मा द्वारा जिला कलेक्टेट सवाई माधोपुर में किया गया। पोषण पखवाडा का शुभारम्भ रंगोली प्रदर्शन एवं वॉक के माध्यम से किया गया।




मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा पोषण की महत्ता एवं उचित आहार एवं व्यवहार के संबंध में जगारूकता का संदेश दिया गया। पोषण पखवाड़ा अन्तर्गत जिले के समस्त परियोजना पर समस्त पखवाड़ा थीमो पर विशेष प्रकाश डालते हुए प्रभात फेरी/वॉक तथा नारा लेखन गतिविधियो का आयोजन किया गया। इसके साथ ही जिले के समस्त आंगनबाडी केकन्द्रो पर विशेष सुपोषण दिवस का आयोजन करते हुऐ उचित आहार व व्यवहार के लिए माता-पिता व परिवार में जागरूकता के लिऐ उन्हे ममता कार्ड की नियमित उपयोगिता हेतु जागरूक किया गया तथा उचित आहार हेतु आसपास पैदा किये जाने वाले साग सब्जी पत्ते दार सब्जियां, घी, दही, छाछ, बाजरा, मक्का, जौ, अलग-अलग दाले, नियमित दवाईया बन्द पैकिट वाली चीजो का उपयोग नही करना, जन्म के उपरान्त जल्द से जल्द स्तन पान, छः माह के उपरान्त उपरी आहार तथा बच्चे के साथ अधिक से अधिक बाते करना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान कार्यक्रम में परियोजना की आगंनबाड़ी कार्यकर्ता एवं समस्त महिला पर्यवेक्षक उपस्थित रही है।

# ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के लिए शिविर का आयोजन

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु ई-श्रम पोर्टल की शुरुआत की गई है।

सहायक श्रम आयुक्त आसिफ शेख ने बताया कि श्रम विभाग सवाई माधोपुर द्वारा जिले में गिग/प्लेटफॉर्म आधारित (यथा स्वीगी, जोमाटों, फ्लिप कार्ड) श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग के संयुक्त प्रयास से 9 अप्रैल एवं 15 से 17 अप्रैल तक कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त सवाई माधोपुर में ई-श्रम पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में गिग/प्लेटफॉर्म श्रमिकों का निःशुल्क पंजीकरण किया जाएगा, जिससे उन्हें सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने सभी असंगठित श्रमिकों को सूचित किया है कि वे अपने आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक एवं पेन कार्ड के साथ शिविर में समय पर उपस्थित होकर पंजीकरण कराएं।

# रसद विभाग द्वारा अवैध एलपीजी सिलेंडर एवं रिफिलिंग पर निरंतर की जा रही कार्यवाहियां

बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिला रसद अधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जयपुर के समसंख्यक पत्रांक दिनांक 10 सितंबर व 19 सितंबर 2024 की पालना मे जिले में एलपीजी दुरुपयोग और अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध संचालित अभियान के अंतर्गत रसद विभाग के प्रवर्तन अधिकारी देवाराम सारण, प्रवर्तन निरीक्षक संतोष मीणा, रविन्द्र भील, धीरज कुमार मीणा एवं रविन्द्र मीणा के संयुक्त दल द्वारा बारां शहर में कोटा रोड स्थित जोनल हॉस्पिटल के पास नागर भोजनालय एवं रेस्टोरेंट तथा झालावाड रोड स्थित असलम कार पॉइन्ट पर प्रवर्तन कार्यवाही की गई। नागर भोजनालय एवं रेस्टोरेंट से चार घरेलू गैस सिलेंडर एवं असलम कार पॉइन्ट से छह घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। कुल 2 प्रवर्तन कार्यवाही की जाकर 10 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। उक्त कार्यवाही में एलपीजी (वितरण आपूर्ति विनियमन) आदेश 2000 के नियमों के शर्त सं. 3 का उल्लंघन पाए जाने पर विभागीय नियमानुसार उक्त एलपीजी सिलेंडर नजदीकी गैस एजेंसी को सुपुर्द कर प्रकरण तैयार किया गया।

## वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन ने रचनात्मक शिक्षा को नए सिरे से परिभाषित करने को भविष्य को लेकर केंद्रित प्रोग्राम शुरू किए

**नई दिल्ली,** टेक्नोलॉजी, कारोबार और रचनात्मक उद्योगों में उभरते रुख से आगे रहने की दिशा में एक साहसिक कदम उठाते हुए वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन (डब्लूयूडी) ने 2025-26 अकादमिक वर्ष के लिए नए स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की घोषणा की है। इन नए कार्यक्रमों से डिजाइन की सोच को एडवांस टेक्नोलॉजी और क्षेत्रों के साथ जोड़कर करियर के नए मार्ग प्रशस्त होने जा रहे हैं। इन पेशकश में शामिल बी.टेक इन कंप्यूटर साइंस एंड डिजाइन, भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया कार्यक्रम है जिसमें पारंपरिक कंप्यूटर साइंस डिग्रियों पर एआई के बढ़ते प्रभाव को समाहित किया गया है। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को मानव केंद्रित डिजाइन के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए कोडिंग विशेषज्ञता से युक्त बनाता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि स्नातक के छात्र विवेकपूर्ण और यूजर केंद्रित समाधान विकसित कर सकें। डब्लूयूडी बैचलर एंड मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स इन थिएटर के साथ परफॉर्मिंग आर्ट्स के परिदृश्य को भी नया आकार देने जा रही है। परंपरागत थिएटर पाठ्यक्रमों के उलट, ये प्रोग्राम थिएटर पेशेवरों का सर्वांगीण विकास करते हैं जिसमें निर्देशन, स्टेजक्राफ्ट और समकालीन किस्सागोई तकनीकियां शामिल हैं। गेमिंग की मनोरंजन से परे उभरती भूमिका को पहचानते हुए डब्लूयूडी एम.डेस इन गेम डिजाइन एंड डेवलपमेंट शुरू कर रही है जिसे उन विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है जो गेमिंग की पृष्ठभूमि से नहीं होने के बावजूद इस तेजी से बढ़ते उद्योग में कदम रखने की संभावना तलाश रहे हैं। यह पाठ्यक्रम शिक्षा, स्वास्थ्य और कारोबार में गेमिंग एप्लीकेशंस की संभावना तलाशता है जिससे इस गतिशील क्षेत्र में करियर के व्यापक अवसर उपलब्ध हो सकें। वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के कुलपति डाक्टर संजय गुप्ता ने कहा, 卐रचनात्मक शिक्षा के भविष्य को नया आकार देने के लिए समर्पित एक युनिवर्सिटी के तौर पर हम उभरते उद्योगों की जरूरतें पूरी करने के लिए निरंतर अपने आप को तैयार कर रहे हैं। हमारे नए कार्यक्रम टेक्नोलॉजी, कारोबार और इन कलाओं के बीच अंतर पाटने के लिहाज से बड़े ध्यान से डिजाइन किए गए हैं जिससे हमारे विद्यार्थी ना केवल उद्योग के लिए तैयार हों, बल्कि अपने अपने क्षेत्रों में नवप्रवर्तन का नेतृत्व करने में सक्षम हों।卐 बिजनेस एजुकेशन की पेशकश को और मजबूती प्रदान करते हुए डब्लूयूडी ने अपने बीबीए और एमबीए प्रोग्राम में उद्यमशीलता और डेटा एनालिटिक्स को भी शामिल किया है। ये विशेषज्ञताएं भविष्य के कारोबारी नेताओं को विस्तार योग्य उद्यम का निर्माण करने और डेटा आधारित रणनीतिक निर्णय करनेके लिए टूल्स प्रदान करेंगी। इस युनिवर्सिटी ने 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रियाएं पहले ही शुरू कर दी हैं। डब्लूयूडी एप्टीट्यूड टेस्ट (ङ्खड्डञ्) 2025 का प्रथम चरण 11-12 जनवरी को ऑनलाइन संपन्न कराया गया था और दूसरा चरण 12 अप्रैल को होना प्रस्तावित है। क्वालीफाई करने वाले अभ्यर्थी अंतिम चयन चरण में जाएंगे जिसमें एक कैंपस इंटरव्यू शामिल है। आगे की सोच वाले इन प्रोग्राम के साथ डब्लूयूडी रचनात्मक शिक्षा के लिए भारत के प्रमुख संस्थान के तौर पर अपनी प्रतिष्ठा निरंतर मजबूत कर रही है और विद्यार्थियों को उद्योग के अत्याधुनिक ज्ञान, वैश्विक गठबंधन और वास्तविक दुनिया के अनुभव तक बेजोड़ पहुंच की पेशकश कर रही है। इन नए स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश की पात्रता के अंतर्गत कक्षा 12 में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है जिसके बाद अभ्यर्थी को एक एप्टीट्यूड टेस्ट और इंटरव्यू से गुजरना होगा। बी.टेक इन कंप्यूटर साइंस एंड डिजाइन के लिए आईआईटी-जेईई अंकों को तरजीह दी जाती है, जबकि बी.डेस इन गेम डिजाइन एंड डेवलपमें के लिए यूसीईईडी, एनआईडी या निफ्ट के अंकों पर विचार किया जाता है। ये इंटरव्यू एक पैनल द्वारा लिए जाएंगे जिसमें विद्यार्थियों द्वारा चुने गए क्षेत्र से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।

# टैरिफ वार: समझदारी से बाजार में उठाएं फायदा चुनौतियों में छिपा है निवेश का सुनहरा मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के प्रमुख देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा से दुनियाभर के शेयर बाजारों में दहशत का माहौल है। अमेरिका के इस कदम का असर सिर्फ बाजार पर ही नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था पर भी महसूस किया जा रहा है। जिन सेक्टरों की अमेरिका पर निर्भरता ज्यादा है, उन पर टैरिफ की ज्यादा मार पड़ी है। इनमें वाहन, टेक्सटाइल, आईटी और इंजीनियरिंग गुड्स जैसे क्षेत्र प्रमुख हैं। टाटा मोटर्स जैसी कंपनियों के शेयर पहले से ही दबाव में हैं, जो अगले कुछ हफ्तों तक बरकरार रह सकता है। ट्रंप प्रशासन की अगली नजर फार्मा और सेमीकंडक्टर क्षेत्र पर है। इससे बाजार में निवेशकों के बीच चिंता का माहौल और भी गहरा हुआ है।



भारतीय बाजार पर दबाव तब तक बना रहेगा, जब तक भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर अगली बैठक नहीं होती, जो इसी महीने के अंत में संभावित है। बैठक में 26 फीसदी टैरिफ के असर को कम करने और द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने पर चर्चा होगी। मौजूदा स्थिति भारत के लिए चुनौतियों के साथ अवसर भी पैदा कर रही है। खासकर, जब चीन व वियतनाम जैसे देशों पर और भी ज्यादा टैरिफ लगे हैं।

हेल्थकेयर समेत इन क्षेत्रों में खरीदारी का मौका

इस समय आम निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने पर ध्यान चाहिए। अब उन्हें ऐसे क्षेत्रों पर ध्यान देना चाहिए, जो मजबूत नींव पर टिके हैं और भविष्य में वृद्धि की क्षमता रखते हैं।

बाजार में गिरावट के दौरान मूल्यवान शेयरों में निवेश का अवसर होता है। ऐसे क्षेत्र जो घरेलू नीतिगत समर्थन जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर और खपत से लाभान्वित हो सकते हैं, उनमें निवेश करना आपके लिए सही कदम साबित हो सकता है।

इसके अलावा, हेल्थकेयर, यूटिलिटीज और कंज्यूमर स्टेपल्स जैसे डिफेंसिव क्षेत्रों के साथ डिफेंस, अक्षय और रेलवे जैसे उभरते क्षेत्रों में भी निवेश का अच्छा मौका है।

**जानें...एक साल के लिए कहां लगा सकते हैं पैसा-** ऐसे क्षेत्रों का चुनाव करें, जो सरकार की नीतियों के अनुरूप हों, जिनमें विकास की संभावना हो और जिनका मूल्यांकन आकर्षक हो। इसके बाद उन क्षेत्रों के अग्रणी स्टॉक्स में निवेश करें। अगर आप एक साल के नजरिये से निवेश करना चाहते हैं

किस सेक्टर पर ज्यादा मार और किसको होगा फायदा

वाहन, टेक्सटाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और कृषि निर्यात जैसे क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित होंगे। ऑटो पार्ट्स निर्यात में भारी गिरावट दिख सकती है। हालांकि, टेक्सटाइल क्षेत्र लंबे समय में चीन और बांग्लादेश जैसे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में फायदा उठा सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर को भी फायदा हो सकता है, क्योंकि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव आ रहा है।

### आगे क्या हैं आसार

घरेलू शेयर बाजार सितंबर, 2024 के ऑल टाइम हाई से करीब 13 फीसदी टूट चुका है।इसका प्रमुख कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारी बिकवाली है। एफआईआई अक्तूबर, 2024 से अब तक 2.27 लाख करोड़ की शुद्ध बिकवाली कर चुके हैं।

मध्यम अवधि में बाजार का दृष्टिकोण सतर्क आशावादी बना हुआ है। घरेलू निवेश बाजार को स्थिरता देने में सहायक हो सकते हैं, खासकर ऐसे समय में जब वैश्विक अनिश्चितताएं, व्यापार युद्ध और कमजोर अंतरराष्ट्रीय मांग हावी हैं।

भारत की घरेलू मांग और सरकार की ओर से किए जा रहे पूंजीगत खर्च से बाजार को सहारा मिल सकता है।

रक्षा, अक्षय ऊर्जा व हेल्थकेयर जैसे क्षेत्र अच्छे रिटर्न दे सकते हैं। लेकिन निवेशकों को सतर्क रहना चाहिए, क्योंकि वैश्विक घटनाक्रम अब भी सेंटीमेंट को प्रभावित कर सकते हैं।

# ओडिशा में नेस्ले इंडिया की पहली फैक्ट्री का शिलान्यास




**मुंबई, एजेंसी।** नेस्ले इंडिया ने आज ओडिशा के खोरधा जिले में अपनी आगामी फैक्ट्री की आधारशिला रखी। इस अवसर पर ओडिशा के माननीय मुख्यमंत्री श्रीमोहन चरण मांझीने समारोह में उपस्थित होकर शिलान्यास किया। यह फैक्ट्री नेस्ले इंडिया की देशभर मेंदसवींऔर पूर्वी भारत मेंपहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिटहोगी। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्रीमोहन चरण मांझीने कहा,ओडिशा में नेस्ले इंडिया द्वारा अत्याधुनिक तकनीक से युक्त एक विश्वस्तरीय फैक्ट्री की स्थापना होते देखना गर्व की बात है। मुझे विश्वास है कि यह यूनिट न केवल राज्य की औद्योगिक क्षमता को नई ऊँचाइयाँ देगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और समृद्धि के नए द्वार भी खोलेगी। राज्य सरकार इस दिशा में हरसंभव सहयोग देती रहेगी। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशकश्री सुरेश नारायणनने कहा,मेक इन इंडिया के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए हम ओडिशा में अपनी दसवीं फैक्ट्री स्थापित कर रहे हैं। यह भारत के लिए हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण का प्रतीक है। हमें खुशी है कि हमारी योजना अब साकार हो रही है। यह फैक्ट्री न केवल व्यवसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगी, बल्किजेंडर डाइवर्सिटी, सतत उत्पादन, पेपरलेस कार्यप्रणालीऔरडिजिटल मैनेजमेंटका भी एक उत्कृष्ट उदाहरण बनेगी। प्रारंभिक चरण में इस फैक्ट्री में लगभग 900 करोड़ का निवेशकिया जाएगा। यहां पर नेस्ले इंडिया केफूड पोर्टफोलियोसे जुड़े उत्पाद, जैसे रेडी-टू-कुक डिशेज़ और खाना पकाने में सहायक उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। नेस्ले इंडिया ने 1961 में पंजाब के मोगा जिले में अपनी पहली फैक्ट्री लगाई थी। 1967 में तमिलनाडु के चोलाडी में अपनी दूसरी फैक्ट्री लगाई। 1989 में कर्नाटक के नंजनगुड, 1992 में हरियाणा के समालखा, 1995 में गोवा के पोंडा, 1997 में गोवा के बिचोलिम, 2006 में उत्तराखंड के पंतनगर और 2012 में हिमाचल प्रदेश के ताहलीवाल में कंपनी ने फैक्ट्रियां स्थापित की। 2021 में गुजरात के साणंद में कंपनी ने अपने दसवें मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की स्थापना की।

## पुराने कार्ड-लोन बंद करने से क्रेडिट स्कोर पर पड़ता है असर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अच्छे क्रेडिट स्कोर के लिए महत्वपूर्ण है कि आप ईएमआई एवं क्रेडिट कार्ड बकाये का समय पर और पूरा भुगतान करें। ऐसा करने के बावजूद कुछ ऐसे कारक होते हैं, जो क्रेडिट स्कोर को प्रभावित करते हैं। कई लोगों का मानना है कि पुराने क्रेडिट कार्ड को बंद करना या होम लोन को फोरक्लोज करना उनके क्रेडिट स्कोर को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। आइए जानते हैं...इसकी सच्चाई क्या है

कई कारक आपके क्रेडिट स्कोर यानी साख को सकारात्मक या नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। इनमें महत्वपूर्ण है...समय पर बकाया भुगतान। आपका क्रेडिट कार्ड जितना पुराना होगा, उसका क्रेडिट स्कोर पर सकारात्मक प्रभाव उतना ही बेहतर होगा। बेहतर क्रेडिट स्कोर के लिहाज से सुरक्षित और असुरक्षित कर्ज का मिश्रण होना (होम लोन व क्रेडिट कार्ड) भी जरूरी है। यह सिर्फ असुरक्षित कर्ज रखने की तुलना में आपके क्रेडिट स्कोर को बढ़ा सकता है। ध्यान रखने वाली बात यह है कि अगर आप होम लोन बंद कर देते हैं, लेकिन क्रेडिट कार्ड बकाये का भुगतान करने से चूक जाते हैं, तो आपका क्रेडिट स्कोर निश्चित रूप से खराब हो जाएगा।

### असर जानने के लिए सिबिल सिम्युलेटर का करें इस्तेमाल

होम लोन फोरक्लोजर के असर को समझने के लिए आप सिबिल की वेबसाइट पर उपलब्ध स्कोर सिम्युलेटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह टूल वर्तमान और भविष्य में स्कोर में होने वाले बदलाव को बताता है। इसे उदाहरण से समझते हैं। 787 क्रेडिट स्कोर वाले एक व्यक्ति के लिए सिम्युलेशन चलाने पर उसके सबसे पुराने क्रेडिट कार्ड को बंद करने से कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा। हालांकि, एक क्रेडिट कार्ड के बकाया भुगतान में 30 दिनों की देरी के कारण उसके क्रेडिट स्कोर में 119 अंकों की भारी गिरावट आई। दूसरी ओर, इसमें होम लोन को शामिल करने पर उसका स्कोर बढ़कर 797 हो गया और सभी बकाया चुकाने से 799 पहुंच गया।

### स्कोर की चिंता छोड़ बंद कराएं होम लोन

अगर आप होम लोन को बंद करने पर विचार कर रहे हैं, तो अपने क्रेडिट स्कोर के नुकसान की चिंता किए बिना आगे बढ़ें। यह न सिर्फ आपको ईएमआई के बोझ से मुक्त करता है, बल्कि ब्याज दर में उतार-चढ़ाव से भी बचाता है। साथ ही, घर के कागजात आपके पास आ जाते हैं। इसी तरह, अगर कोई क्रेडिट कार्ड आपकी जरूरतों के लिहाज से बेहतर नहीं है, तो उसे तत्काल बंद करा दें।

-आदिल शेट्टी
सीईओ, बैंक बाजार

## एक्शन सीन मानसिक अनुशासन की भी सख्त जरूरत : पूजा

मुंबई, एजेंसी। सोनी लिव की जासूसी थ्रिलर 'अदृश्यम 2 - द इनविज़िबल हीरोज' में दुर्गा जैसा पेचीदा और असरदार किरदार निभा रहीं पूजा गोर ने हाल ही में इस चुनौतीपूर्ण भूमिका के लिए अपनी तैयारी के अनुभव साझा किए। पूजा ने बताया, एक्शन सीन मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव था और इसमें सिर्फ शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक अनुशासन की भी सख्त जरूरत थी। मैंने हथियार चलाना सीखा, जो मज़ेदार तो था, लेकिन साँसों को नियंत्रित करना एक ऐसा पहलू था, जिसने मुझे चौंका दिया। जटिल दृश्यों में यह सबसे ज्यादा कारगर साबित हुआ। वह आगे कहती हैं, दुर्गा के किरदार में नैतिक उलझन है। वह न तो पूरी तरह अच्छी है और न ही बुरी - उसकी रहस्यमयता मुझे बहुत आकर्षक लगी। इस किरदार को निभाने के लिए मैंने पहले उसकी आंतरिक दुनिया रची, उसके डर, विश्वास और अविश्वास को समझा। इसके बाद मैंने खुद को उसकी मानसिकता के हवाले कर दिया। शारीरिक ट्रेनिंग तो बाद में आई - असली तैयारी उसके भीतर की जिम्मेदारियों और मनोस्थिति को महसूस करना था।

## चमक में मोहित मलिक का सबसे भावनात्मक सीन

**मुंबई।** जब कलाकार अपनी सीमाओं को पार करते हैं, तब किरदार जीवन से भर उठते हैं। मोहित मलिक के लिए ऐसा ही एक क्षण आया सीरीज चमक के सीजन 1, एपिसोड 4 में, जब उन्हें अपने किरदार गुरु के एक भावनात्मक मोड़ को जीवंत करना था। इस हृदयविदारक सीन में गुरु आत्महत्या के विचारों से जूझता है और यह दृश्य पूरी सीरीज़ की दिशा को नया मोड़ देता है। इस चुनौतीपूर्ण सीन के बारे में बात करते हुए मोहित ने कहा, सीज़न 1 के एपिसोड 4 में मेरा किरदार गुरु आत्महत्या करने की सोच रहा होता है और एक कुएं के पास खड़ा होता है। मेरे लिए यह दृश्य शूट करना बेहद कठिन था। सच कहूं तो उस माहौल से बाहर आने में मुझे थोड़ा समय लगा। वह एक बहुत अंधेरी मानसिक स्थिति थी। एक अभिनेता के तौर पर आपको कई भावनात्मक अवस्थाओं से गुजरना होता है, लेकिन यह सीन मेरे लिए खासतौर पर चुनौतीपूर्ण था। इसमें मुझे अपने भीतर के सबसे संवेदनशील और कमजोर पक्ष को सामने लाना था और इसका भावनात्मक असर मुझ पर पड़ा। हालांकि, यह मेरे लिए एक गहरी सीख भी थी और मुझे गर्व है कि यह दृश्य जैसा हमने चाहा था, वैसा ही उतरा। संगीत, रहस्य और ड्रामा का अनूठा मिश्रण लेकर आ रही चमक- द कॉन्क्लूजन एक ऐसा अनुभव है जिसे भुला पाना दर्शकों के लिए आसान नहीं होगा।

# हड़प्पा सभ्यता ने वैश्विक व्यापार के लिए आधारशिला रखी- एएसआई विशेषज्ञ

**हैदराबाद / नई दिल्ली, एजेंसी।** महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने भारत की ऐतिहासिक धरोहर की आधारशिला कहलाने वाली सिंधु घाटी सभ्यता की खोज की 100वीं वर्षगांठ के मौके पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें उन प्रख्यात विद्वानों और विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे जिन्होंने इस सभ्यता के ऐतिहासिक, पुरातात्विक और भाषाई महत्व को खंगाला है।

इस संगोष्ठी का आयोजन, महिन्द्रा युनिवर्सिटी की रिसर्च टीम की अंतरक्षेत्रीय परियोजना के तहत किया गया। यह टीम सिंधु घाटी लिपि के गूढ़ अक्षरों को समझने पर काम कर रही है। इस परियोजना का नेतृत्व मीडिया एवं संचार, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान, भाषा विज्ञान, संज्ञानात्मक विज्ञान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इतिहास के क्षेत्रों में विभिन्न शोधकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है।

इस अंतरक्षेत्रीय संगोष्ठी में 5,000 वर्षों से अधिक पुरानी सिंधु घाटी सभ्यता के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई। यहां प्रदर्शित एक लाख वर्ष से अधिक पुराने अमूल्य मानव निर्मित पत्थर के औजार आकर्षण का केंद्र रहे। यह महत्वपूर्ण खोज, प्रारंभिक मानव बस्तियों की प्रौद्योगिकीय उन्नति की अनूठी झलकियां पेश करती है। सिंधु घाटी सभ्यता की दुर्लभ वस्तुएं भी यहां प्रदर्शित की गईं जिससे लोगों को हमारी समृद्ध विरासत को अधिक समझने में मदद मिली।



भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से अधीक्षण पुरातत्वविद् डाक्टर स्मिता एस. कुमार ने अपने मुख्य संबोधन में हड़प्पा सभ्यता के समुद्री नेटवर्क और इसके आर्थिक एंव सांस्कृति प्रक्षेप पथ को आकार देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित की। उन्होंने कहा, हड़प्पा की विरासत का दूरगामी आर्थिक, सांस्कृति, भाषाई और तकनीकी प्रभाव रहा है। इसने ना केवल दुनिया के आर्थिक परिदृश्य को आकार दिया, बल्कि अंतर सांस्कृतिक संपर्कों को भी बढ़ावा दिया जिससे इन शताब्दियों में वैश्विक व्यापार प्रणालियों के लिए नीव रखने में मदद मिली।

इस संगोष्ठी में युनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद के पुरातत्वविद और मानद प्रोफेसर केपी राव, युनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद में इतिहास विभाग के प्रमुख प्रोफेसर सुचंद्र घोष और आईआईटी हैदराबाद की एसोसिएट प्रोफेसर डाक्टर राधिका ममीदी ने अपनी अंतर्दृष्टि से दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ा।



# दुआ के जन्म के बाद पहली बार एक साथ स्क्रीन पर दिखे दीपिका-रणवीर

बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ी में से एक दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह अपनी बेटी दुआ के जन्म के बाद पहली बार स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आए। दीपिका और रणवीर एक एयर कंडीशनर के विज्ञापन में साथ नजर आए। विज्ञापन को शेयर करते हुए ब्रांड ने लिखा, गुड लुक्स, गुड लुक्स और गुड लुक्स। विज्ञापन में रणवीर कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि कैसे उनकी पार्टी में मेहमान दीपिका के खाने या कहानियों के बजाय उनके एयर कंडीशनर का आनंद ले रहे थे। जब दीपिका नाराज होती हैं तो रणवीर उन्हें यह कहकर मना लेते हैं कि उन्होंने वास्तव में उनके लिए ही एसी खरीदा था। दीपिका और रणवीर को आखिरी बार रोहित शेट्टी की पुलिस सिंघम अगेन में एक साथ देखा गया था। इस फिल्म में दीपिका ने शक्ति शेट्टी उर्फ ??लेडी सिंघम का किरदार निभाया था, जबकि रणवीर ने सिम्बा की अपनी भूमिका दोहराई थी। इस फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ भी थे। इससे पहले इन दोनों को गोलियों की रासलीला राम-लीला (2013), बाजीराव मस्तानी (2015), पद्मावत (2018) और 83 (2021) में साथ देखा गया था।

# तारा सुतारिया ने सीफूड सैटरडे का लुत्फ उठाया

**बॉलीवुड** अभिनेत्री तारा सुतारिया ने अपने घर पर सीफूड सैटरडे का लुत्फ उठाया। सप्ताहांत के लिए मेन्यू में जेरेश्क बेरीज के साथ पुलाव के बिस्तर पर परोसा गया मेमना, बटरी गार्लिक क्रैब और प्रॉन कॉकटेल, स्ट्रॉबेरी, अखरोट, रॉकेट/अरुगुला सलाद के साथ हनी बाल्समिक ड्रेसिंग और चेरी टमाटर, नींबू, लहसुन, मसालेदार एंकोवी पेस्ट के साथ प्रॉन स्पेगेटी शामिल थे। तारा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, घर पर शनिवार को मैंने बहुत सारा बटरी गार्लिक क्रैब और प्रॉन कॉकटेल पकाया (तस्वीर में नहीं है क्योंकि हमने इसे किसी के फोटो खींचने से पहले ही खा लिया!) स्ट्रॉबेरी, अखरोट, रॉकेट/अरुगुला सलाद शहद बाल्समिक ड्रेसिंग के साथ और पिया ने चेरी टमाटर, नींबू, लहसुन, मसालेदार एंकोवी पेस्ट के साथ एक प्यारा प्रॉन स्पेगेटी बनाया! सीफूड और हमारे सबसे पुराने दोस्तों के साथ शानदार व्हाइट ग्लास... इससे ज्यादा और क्या चाहिए। अभिनेत्री ने कहा, आखिरी तस्वीर में मैंने पहली बार पकाए गए लैम का एक बेहतरीन लेग पीस दिखाया है। जेरेश्क बेरीज के साथ पुलाव की परत पर परोसा गया, यह लाजवाब था। इससे पहले, तारा ने खुशी के बारे में अपने विचार बताए। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक मजेदार वीडियो शेयर किया, जिसमें वह काले और सफेद धारीदार नाइट सूट में मस्ती करती नजर आ रही थीं। इस स्टनर ने 80 के दशक के सिंथ-पॉप ट्रैक पर शानदार लिप-सिंक किया। उनकी पोस्ट का शीर्षक था, अपने पुराने दोस्तों के साथ अपने पीजे में बैठकर 80 के दशक के अपने पसंदीदा गाने बजाने जैसा कुछ नहीं... बहुत ही आनंददायक!!!! (यदि आप इंट्रो पर लिप सिंक नहीं करते हैं तो हम दोस्त नहीं बन सकते!!!) अपने काम के बारे में बात करते हुए, तारा हाल ही में ईशान खट्टर के साथ रोमांटिक ट्रैक प्यार आता है में नजर आईं। स्नेहा शेट्टी कोहली द्वारा निर्देशित, इस मधुर गीत को श्रेया घोषाल ने रीतो रीबा के साथ मिलकर आवाज दी है। प्यार आता है की शूटिंग कश्मीर के पहलगाम में माइनस 10 डिग्री तापमान में की गई थी।






# क्यों संजय दत्त और मौनी रॉय की अगली फ़िल्म द भूतनी बॉक्स ऑफ़िस पर धमाल मचाएगी

मौनी रॉय ने खुद को एक ऐसी अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया है जो कभी भी किसी ऐसे रोल के लिए मना नहीं करती जो उन्हें प्रदर्शन करने का पूरा मौक़ा देती हो। और उन्होंने अपनी बॉलीवुड डेब्यू गोल्ड और फिर ब्रह्मास्त्र में उन्होंने जो जुनून का नकारात्मक किरदार निभाकर खुद को साबित किया है। अब वह द भूतनी के साथ बड़े पर्दे पर वापसी के लिए तैयार, जिसमें वह मोहब्बत नाम की मुख्य भूमिका निभा रही हैं, मौनी इस फ़िल्म में संजय दत्त के साथ अपोजिट नज़र आएंगी, जो इस फ़िल्म में एक भूत भगाने वाले की भूमिका निभा रहे हैं। जो कोई यह सोच रहा है कि अभिनेत्री वही किरदार क्यों निभा रही हैं, जो वह पहले छोटे और बड़े पर्दे पर निभा चुकी हैं, तो हम आपको बताते हैं कि इस फिल्म का दर्शकों पर असर इसी कारण से होगा—मौनी और उनकी सुपरनेचुरल पात्रों पर पकड़, और जिस कुशलता से वह इन किरदारों को निभाती हैं, जिससे वे दर्शकों से जुड़ जाते हैं और साथ ही अपनी उपस्थिति से उन्हें आकर्षक भी बनाती हैं। नागिन सीजन 1 और 2 में इच्छाधारी नागिन शिवन्या और शिवांगी के किरदारों ने मौनी को प्रसिद्धि और पहचान के एक नए स्तर पर पहुंचा दिया। इसके बाद उन्होंने ब्रह्मास्त्र में खलनायिका जुनून का किरदार निभाया। अपनी आगामी रिलीज में भूत मोहब्बत के रूप में उनकी भूमिका उनके करियर का तीसरा सुपरनेचुरल किरदार है। मौनी ने यह साबित कर दिया है कि वह जो भी किरदार निभाती हैं, उसमें विविधता लाती हैं। उनके सुपरनेचुरल पात्रों में कभी भी समानता नहीं होती और हर बार कुछ न कुछ नया होता है! भूतनी ट्रेंडिंग हॉरर-रोम-कॉम जॉनर की फिल्मों की लंबी सूची में एक और फिल्म है! मौनी पहले ही बता चुकी हैं कि कैसे फैंटसी-काल्पनिक शैली पलायनवाद के रूप में काम करती है। यह बताने की ज़रूरत नहीं है कि इस फिल्म के पक्ष में एक बहुत बड़ा रिलेटैबिलिटी फैक्टर काम करेगा - भारत एक ऐसा देश है, जहाँ अद्भुत और रहस्यमयी पात्रों से जुड़ी लोककथाएँ प्रचुर मात्रा में हैं। और व्यक्तिगत विश्वासों से परे, हर कोई खुद को एक अच्छा फिक्शन पसंद करता है, है न? मौनी रॉय इस थ्रिलर में दिग्गज अभिनेता संजय दत्त के साथ सनी सिंह, पलक तिवारी, आसिफ खान और बेयूनिक के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नज़र आएंगी, जिसे इसके ट्रेलर लॉन्च के बाद से ही बेहतरीन समीक्षा मिली थी। द भूतनी 18 अप्रैल को रिलीज़ होगी। इस फिल्म के बाद, मौनी रॉय निर्देशक फारुक कबीर के साथ सलाकार में नज़र आएंगी। इस फिल्म में उनकी भूमिका बहुत ही आशाजनक होने का अनुमान लगाया जा रहा है जिसमें अभिनेत्री, एंटरप्रेन्योर और फैशनिस्टा को पहले कभी न देखे गए अवतार में देखा जाएगा!

# 'इंडियन आइडल 15' की ट्रॉफी मानसी घोष के नाम

### जीतने पर मिली चमचमाती कार




'इंडियन आइडल सीजन 15' की ट्रॉफी मानसी घोष ने उठा ली है। रविवार 6 अप्रैल को इसका फाइनल हुआ। प्रतियोगियों ने अपनी आखिरी परफॉर्मेंस दी। मानसी के जीत की घोषणा इंडियन आइडल के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर भी की गई।

## मानसी घोष को दी बधाई

इंडियन आइडल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर विजेती की घोषणा करते हुए उन्हें बधाई दी। ट्वीट में लिखा, 'इंडियन आइडल सीजन 15 जीतने पर मानसी घोष को बहुत-बहुत बधाई! क्या आवाज है, क्या सफर है! वाकई काबिल-ए-तारीफ आपने हर प्रदर्शन को यादगार बनाया।'

सुभाजीत और स्नेहा शंकर को दी मात

मानसी ने अपनी भावनात्मक और दमदार गायकी के दम पर साथी फाइनलिस्ट सुभाजीत चक्रवर्ती और स्नेहा शंकर को हराया। उनके लगातार प्रदर्शन और दर्शकों से जुड़ने की क्षमता ने उन्हें शीर्ष स्थान हासिल करने में मदद की। शो जीतने पर उन्हें एक नई कार भी मिली।

## 'इंडियन आइडल सीजन 15' का सफर

'इंडियन आइडल सीजन 15' अक्टूबर 2024 में शुरू हुआ और पांच महीने तक चला। इस दौरान शो में कई प्रतियोगियों ने अपने सुरों के जादू बिखेरे। अंत में तीन प्रतियोगी फाइनल तक पहुंचे। अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत मानसी घोष ने शो अपने नाम किया।

## सोशल मीडिया यूजर्स ने क्या कहा?

मानसी की जीत पर सोशल मीडिया यूजर्स ने भी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी हैं। एक यूजर ने लिखा, 'मानसी घोष कितनी शानदार गायिका हैं, वह सच्ची भारतीय रॉक स्टार हैं, उन्होंने अपने ही अंदाज में उनके सामने लिविंग लीजेंड सुखविंदर जी का गाना गाया और उन्हें अपने साथ गाने के लिए कहने पर मजबूर कर दिया, वाह, वह विजेता हैं।



# अमेरिकी इंटरनेट पर वायरल हो रहे ऋतिक

**बॉलीवुड** अभिनेता ऋतिक रोशन अमेरिकी इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं। एक यूजर की पोस्ट ने वहां कि सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी है। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन हाल ही में अमेरिका के इंटरनेट पर वायरल हो गए। एक सोशल मीडिया पोस्ट ने अभिनेता को लेकर ट्विटर पर बहस शुरू कर दी। दरअसल, एक यूजर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसमें ऋतिक को 50 साल की उम्र में भी युवा दिखाया गया। इसके बाद से यह पोस्ट तेजी के साथ वायरल होने लगी।

वायरल पोस्ट में ऋतिक रोशन को एक बूढ़े अमेरिकी व्यक्ति के साथ दिखाया गया। दोनों में तुलना कि गई कि पुराने दौर के लोग 50 वर्ष में कैसे दिखते थे और अब के लोग 50 वर्ष में कैसे दिखते हैं। पोस्ट में लिखा है, '1985 में 50 वर्षीय बनाम 2025 में 50 वर्षीय।' यह पोस्ट तेजी से वायरल हो गई, जिसे 48,000 से ज्यादा लाइक और लगभग 6 मिलियन व्यू मिले।

**श्रीलीला को हाल ही भीड़ में किसी शख्स ने हाथ पकड़कर अपनी ओर खींच लिया, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। श्रीलीला एकदम सकपका गई और उनके साथ कार्तिक आर्यन भी थे, पर ध्यान कहीं और था। श्रीलीला की टीम तुरंत एक्शन में आई और एक्ट्रेस को बचाया। फैंस वीडियो देख गुस्सा निकाल रहे हैं।**

# श्रीलीला के साथ भीड़ में हुई बदतमीजी

हाल ही श्रीलीला के साथ ऐसी हरकत हो गई, जिससे वह बुरी तरह सहम गईं। साथ में कार्तिक आर्यन भी, जो श्रीलीला के आगे चल रहे थे। पर उन्हें पता नहीं चला कि श्रीलीला के साथ क्या हुआ। लेकिन एक्ट्रेस की टीम तुरंत ही हरकत में आई और उन्हें बचाया। दरअसल श्रीलीला को हाल ही कुछ लोगों ने पकड़कर भीड़ के बीच खींच लिया। इसका वीडियो भी सामने आया है, जो वायरल हो रहा है। इसे देख फैंस भी डर गए और रिएक्ट कर रहे हैं। मालूम हो कि एक्ट्रेस श्रीलीला इस वक्त कार्तिक आर्यन के साथ एक फिल्म की शूटिंग कर रही हैं, जिसका अभी नाम तय नहीं किया गया है। इंस्टाग्राम पर पपाराजी ने वीडियो शेयर किया है, जिसमें श्रीलीला और कार्तिक आर्यन अपनी टीम के साथ चलते नजर आ रहे हैं। आसपास लोगों की भीड़ है। तभी भीड़ में से किसी ने श्रीलीला का हाथ पकड़कर अपनी ओर खींच लिया। पर जब यह घटना घटी, तब कार्तिक आर्यन का ध्यान कहीं और था। लेकिन इससे पहले कि मामला बिगड़ता, श्रीलीला की टीम ने उन्हें वापस खींच लिया और चारों ओर से घेर लिया। श्रीलीला काफी घबरा गई थीं, पर बाद में वह थोड़ा मुस्कुराईं और सहमी नजर आईं। लोगों की इस हरकत पर फैंस का गुस्सा फूट पड़ा है। इस वीडियो पर एक फैन ने लिखा, बहुत डरावना है। ये किसी के लिए भी सेफ नहीं। एक और कमेंट है, एक्ट्रेसेस को सरेआम यूं मैनहैंडल किया जाना बंद होना चाहिए।



# कपिल शर्मा ने 'राम नवमी' पर शेयर किया 'किस किसको प्यार करूं 2' का नया पोस्टर



**अभिनेता-कॉमेडियन** कपिल शर्मा ने रविवार को अपनी आने वाली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में कपिल शर्मा और उनकी दुल्हन बनी को-एक्टर मंडप में दिखाई दे रही हैं। दोनों अपने हाथ जोड़कर प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री का आधा चेहरा घूंघट से ढका हुआ है, जबकि कपिल ऊपर भगवान की ओर देख रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे वह किसी मुश्किल स्थिति से बाहर निकलने के लिए भगवान से प्रार्थना कर रहे हों। पोस्टर में जहां कपिल के चेहरे पर तनाव दिख रहा है, वहीं अभिनेत्री के चेहरे की रेखाएं सुखद भावनाओं की ओर इशारा कर रही हैं। कपिल ने कैप्शन में लिखा, आप सभी को श्री राम नवमी की शुभकामनाएं। आखिरी बार कपिल शर्मा फिल्म 'क्रू' में कैमियो करते नजर आए थे। इस फिल्म में करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन भी थीं। 2015 में 'किस किसको प्यार करूं' का निर्देशन करने वाली निर्देशक जोड़ी अब्बास-मस्तान ने इस बार लेखक अनुकूल गोस्वामी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। अनुकूल ने पहली फिल्म में लेखन क्रेडिट साझा किया था और द कपिल शर्मा शो में कपिल के साथ काम किया है। अब्बास-मस्तान, रतन जैन और गणेश जैन को निर्माता के रूप में क्रेडिट दिया गया है। पिछले साल दिसंबर में कपिल ने अपने स्ट्रीमिंग स्केच कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' पर निर्माता-निर्देशक एटली का अपमान करने के आरोपों का जवाब दिया था। शो के इस एपिसोड में एटली, बॉलीवुड स्टार वरुण धवन और अभिनेत्री वामिका गब्बी शामिल थे, जिसमें कपिल द्वारा एटली के लुक का कथित तौर पर मजाक उड़ाए जाने पर हंगामा हुआ था।

साभार एजेंसी



## घर पर मिली हार के बाद काव्या मारन की सनराइजर्स हैदराबाद बदलेगी अपना स्टाइल? टीम के हेड कोच ने बताया लगातार 4 हार से क्या सीखा


**नई दिल्ली, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद के लिए इस सीजन की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। जिस टीम ने बीते साल विपक्षी टीमों में अपनी तूफानी बल्लेबाजी का खौफ पैदा किया वह टीम इस बार लगातार चार मैच हार चुकी है। पहले मैच में 286 जैसा लक्ष्य खड़ा करने वाली टीम अब बैकफुट पर आ चुकी है। टीम के हेड कोच ने स्थिति को बदलने के लिए अब अपना प्लान बदलने का फैसला किया है।

**इशान किशन ने कही थी बड़ी बात** - सीजन के पहले मैच में इशान किशन ने शतक लगाया था। इसके बाद इशान ने कहा था कि हैदराबाद के कैंप में केवल यही बात होती है कि हर गेंद को अटैकिंग अंदाज में ही खेलना है। हालांकि यह रणनीति इस सीजन में सफल होती नहीं दिख रही है।

**अंदाज बदलेगी सनराइजर्स हैदराबाद** - टीम के हेड कोच डेनियल विटोरी ने कहा, मुझे लगता है कि हम जानते हैं कि यह शैली काम करेगी, लेकिन हमें परिस्थितियों का सम्मान करना होगा, और हमें वास्तव में अच्छी तरह से आकलन करना होगा, और शायद यह कुछ ऐसा है जो हमने नहीं किया है। इसके अलावा, [हमें] यह भी सम्मान करना होगा कि अन्य टीमें कितनी अच्छी गेंदबाजी कर रही हैं, हमने अपने शीर्ष तीन खिलाड़ियों के लिए बहुत सारी योजनाएं बनाई हैं, लेकिन वे कई बार इसे लागू नहीं कर पाए हैं। विटोरी ने कप्तान पैट कमिंस को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि पैट ने अपने जीवन में कभी भी घबराहट महसूस की है, और मुझे लगता है कि मैं भी काफी हद तक ऐसा ही हूं। लेकिन हम लगातार चार मैच हारने के परिणामों को समझते हैं और यह सीज़न को कितना मुश्किल बनाता है। यह कठिन है क्योंकि जाहिर है कि आप पिछले साल [उपविजेता के रूप में समाप्त होने] और फिर बहुत अच्छी शुरुआत के बाद उच्च उम्मीदों के साथ सीज़न में आते हैं।

**आईपीएल 2025:**

# सिराज के 100 विकेट पूरे, जहीर खान की बराबरी, तोड़ सकते हैं नेहरा का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में गुजरात टाइटंस के लिए खेल रहे गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने अपने आईपीएल करियर में 100 विकेट पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाले 12वें भारतीय तेज गेंदबाज हैं। इसी के साथ ही सिराज ने पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान के 102 विकेट की बराबरी कर ली है। सिराज ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी मिला। सिराज आगे इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखते हैं तो वह पूर्व भारतीय गेंदबाज और गुजरात टाइटंस के कोच आशीष नेहरा के 106 विकेट का रिकॉर्ड भी तोड़ देंगे। जहीर खान ने अपने आईपीएल करियर में कुल 100 मैच खेले और 102 विकेट लिए। वहीं, आशीष नेहरा ने आईपीएल करियर में 88 मैच खेले और 106 विकेट लिए। सिराज अगर आने वाले मैचों में चार विकेट लेते हैं तो वह नेहरा से आगे निकल जाएंगे। मोहम्मद सिराज ने 97 मैच में 102 विकेट लिए हैं।

पिछले सीजन में आरसीबी के प्रमुख गेंदबाज के तौर पर खेलने वाले सिराज इस साल गुजरात टाइटंस के लिए गेंदबाजी कर रहे हैं। सिराज ने रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 4 ओवर में 17 रन देकर चार विकेट झटके और सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। सिराज की इस शानदार गेंदबाजी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज ज्यादा बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर पाए और गुजरात टाइटंस ने 7 विकेट से मैच जीत लिया। इस बेहतरीन गेंदबाजी की बदोलत सिराज आईपीएल 2025 के पर्पल कैप की रेस में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। सिराज ने चार मैच की चार पारियों में 9 विकेट चटकाए। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17 रन देकर चार विकेट रहा है। उनसे ऊपर सीएसके के गेंदबाज नूर अहमद हैं। नूर ने 4 मैच की चार पारियों में 10 विकेट लिए।

सिराज जिस तरह से आईपीएल में गेंदबाजी कर रहे हैं उनके फैंस को उम्मीद है कि वह जल्द ही पर्पल कैप की रेस में पहले पायदान पर पहुंच जाएंगे। बता दें कि गुजरात टाइटंस को अपना अगला मैच 9 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलना है।

**वर्ल्ड बॉक्सिंग कप**

# मुक्केबाजी विश्व कप में भारत का अभियान समाप्त, भारतीय मुक्केबाजों ने जीते छह पदक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हितेश ने इस टूर्नामेंट में स्वर्ण अपने नाम किया और वह विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए। दरअसल, उनके प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के ओडेल कामारा चोटिल हो गए थे और शनिवार को 70 किग्रा वर्ग के फाइनल के लिए रिंग में नहीं उतर सके।

भारत का ब्राजील के फोड डू इगुआकू में आयोजित विश्व कप अभियान छह पदकों के साथ समाप्त हुआ। भारतीय मुक्केबाजों ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें हितेश द्वारा जीता गया स्वर्ण पदक भी शामिल है। भारत विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित किसी शीर्ष स्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा ले रहा था।

**विश्व मुक्केबाजी में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बने हितेश** - हितेश ने इस टूर्नामेंट में स्वर्ण अपने नाम किया और वह विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए। दरअसल, उनके प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के ओडेल कामारा चोटिल हो गए थे और शनिवार को 70 किग्रा वर्ग के फाइनल के लिए रिंग में नहीं उतर सके। भारतीय मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने भी 65 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाई, लेकिन स्थानीय दावेदार यूरी रेइस को कड़ी टक्कर देने के बावजूद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

हितेश ने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय टूर्नामेंट से पहले ब्राजील में आयोजित 10 दिवसीय तैयारी शिविर को दिया जिससे उन्हें और टीम को बहुत मदद मिली। हितेश ने कहा, शिविर ने मुझे कुछ रणनीतिक बारीकियां सीखने में मदद की जिससे मुझे प्रतियोगिता में बहुत मदद मिली। इस टूर्नामेंट ने हमें उच्चतम स्तर का अनुभव प्रदान किया और मुझे खुशी है कि मैं स्वर्ण पदक जीत सका।

**चार मुक्केबाजों ने जीते कांस्य पदक** - भारत के जादुमणि सिंह मंदेंगबाम (50 किग्रा), मनीष राठौड़ (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा) और विशाल (90 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। भारत ने विश्व मुक्केबाजी कप में 10 सदस्यीय दल उतारा था जो पेरिस ओलंपिक के बाद टीम का पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था। इस मजबूत प्रदर्शन से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा क्योंकि वे 2028 लॉस एंजिलिस खेलों से पहले ओलंपिक चक्र की तैयारी भी शुरू करेंगे।



## लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में आकर्षण का केंद्र होंगे जोकोविच, वॉ-बोरिस बेकर भी रहेंगे मौजूद

**मैड्रिड, एजेंसी।** महान क्रिकेटर स्टीव वॉ, छह बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन और जोकोविच के पूर्व कोच बोरिस बेकर, दिग्गज फुटबॉल काफू, लुई फिगो के अलाव महान जिम्नास्ट नादिया कोमानेची भी समारोह के दौरान मौजूद रहेंगे। महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच स्पेन की राजधानी में होने वाले लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में आकर्षण का केंद्र होंगे। खिलाड़ियों को दिए जाने वाले पुरस्कारों की यह 25वीं वर्षगांठ है। यह लगातार दूसरा साल है जब पुरस्कार समारोह का आयोजन मैड्रिड में हो रहा है। ये पुरस्कार 21 अप्रैल को प्रतिष्ठित पैलेसियो डी सिबेल्स में दिए जाएंगे। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पांच बार के लॉरेस के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जोकोविच ने कहा, लॉरेस विश्व खेल पुरस्कार की 25वीं वर्षगांठ मनाने के लिए फिर से मैड्रिड आना रोमांचक है। मैंने पिछले साल मैड्रिड में अपना पांचवां लॉरेस खिताब जीतने की यादें संजोई हैं और सौभाग्यशाली हूं कि फिर इस समारोह के शामिल होने का मौका मिला है। महान क्रिकेटर स्टीव वॉ, छह बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन और जोकोविच के पूर्व कोच बोरिस बेकर, दिग्गज फुटबॉल काफू, लुई फिगो के अलाव महान जिम्नास्ट नादिया कोमानेची भी समारोह के दौरान मौजूद रहेंगे।

**फुटबॉलः**

## नवी मुंबई में दिग्गजों की टक्कर, रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना को हराया, मोरिएंटेस और बैरल ने दागे गोल



**नवी मुंबई, एजेंसी।** रियल मैड्रिड लीजेंड्स ने रविवार को खेले गए 'लीजेंड्स फेसऑफ' मुकाबले में एफसी बार्सिलोना लीजेंड्स को 2-0 से हरा दिया। यह मैच दोनों दिग्गज स्पैनिश फुटबॉल क्लब के पूर्व दिग्गजों के बीच खेला गया। रियल मैड्रिड की कमान पुर्तगाल के पूर्व कप्तान लुई फिगो संभाल रहे थे, जबकि बार्सिलोना की कप्तानी स्पेन के दिग्गज डिफेंडर कार्लोस पुयोल कर रहे थे। इस मैच के लिए फुटबॉल के कई महान खिलाड़ी नवी मुंबई आए थे। मुकाबला डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला गया। इस मैच के लिए ब्राजील के महान फुटबॉलर रिवाल्डो, पुर्तगाल के पेपे और स्पेन के जावी जैसे फुटबॉलर भारत आए थे। फैंस उन्हें अपनी आंखों के सामने खेलता देख पाए। फिगो समेत कई फुटबॉलर्स ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें भी साझा की हैं। फिगो ने लिखा- मुंबई आना और कुछ पुराने दोस्तों के साथ फुटबॉल खेलकर अच्छा लगा। वहीं, रिवाल्डो ने भी मैच की तस्वीरें साझा की हैं। यह भारतीय फुटबॉल फैंस के लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। मैच की बात करें तो फिगो और माइकल ओवेन के बनाए मौकों को मोरिएंटेस ने गोल में बदल कर 14वें मिनट में रियल मैड्रिड की टीम का बढ़त दिला दी। मैच के शुरुआती हाफ में रियल मैड्रिड का दबदबा था तो वहीं दूसरे हाफ में एफसी बार्सिलोना लीजेंड्स ने मैड्रिड के डिफेंडर्स को भेदने के लिए कड़ी मेहनत की। स्टेडियम में मौजूद दर्शक शोर मचाकर फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

## अश्विन ने सोशल मीडिया पर आलोचना के बाद लिया बड़ा फैसला, सीएसके से किया किनारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल पर कुछ मेहमानों द्वारा चेन्नई सुपर किंग्स टीम के कुछ खिलाड़ियों की आलोचना की गई थी। इस पर सोशल मीडिया पर आलोचनाओं के बाद अब अश्विन ने बड़ा फैसला लिया है और छ्स्च के मैचों का पूर्वावलोकन या समीक्षा ना करने का फैसला लिया है। पिछले हफ्ते एक विवाद तब सामने आया जब दक्षिण अफ्रीका और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी) के पूर्व डेटा विश्लेषक प्रसन्ना अगोरम, जो अक्सर चैनल पर दिखाई देते हैं, ने अश्विन और रवींद्र जडेजा के टीम का हिस्सा होने के बावजूद अफगानिस्तान के कलाई के स्पिनर नूर अहमद को चुनने के छ्स्च के फैसले की निंदा की। अगोरम ने दावा किया कि अगर टीम ने तीसरे स्पिनर के बजाय किसी दूसरे बल्लेबाज को चुना होता तो शायद टीम बेहतर स्थिति में होती।

# कराटे वर्ल्ड कप रूस-2025 में बिहार की अनुष्का अभिषेक ने रचा इतिहास

### भारत को दिलाया सिल्वर मेडल



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अनुष्का की इस ऐतिहासिक जीत पर इंडिया जेन टू शीन कराटे फेडरेशन की सेंडाई शिल्पी सोनम ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व की बात है कि भारत की बेटियां आज विदेशी खेल मंचों पर भी परचम लहरा रही हैं।

रूस की राजधानी मॉस्को में आयोजित कराटे वर्ल्ड कप-2025 में भारत की ओर से हिस्सा ले रहीं बिहार के मुजफ्फरपुर की 13 वर्षीय अनुष्का अभिषेक ने शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। मास्को के विमपेल स्टेडियम में चार से आठ अप्रैल तक चले इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में अनुष्का ने अपनी प्रतिभा और साहस से सबका ध्यान खींचा।

**वर्ल्ड कप में दमदार प्रदर्शन, फाइनल में रूस से हारीं अनुष्का** - अनुष्का ने टूर्नामेंट में शुरुआत से ही शानदार खेल दिखाया। उन्होंने पहले ताजिकिस्तान, फिर उज्बेकिस्तान और इसके बाद अर्मेनिया की प्रतिभागियों को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में उन्होंने मॉरिशस की खिलाड़ी को हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला मेजबान देश रूस की खिलाड़ी से हुआ। फाइनल में अनुष्का ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंत में महज तीन अंकों से हार गईं और सिल्वर मेडल के साथ टूर्नामेंट का समापन किया। इस प्रदर्शन ने भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर एक बार फिर रोशन कर दिया।

**बचपन से रहा खेल के प्रति जुनून** - मुजफ्फरपुर की रहने वाली अनुष्का अभिषेक की सफलता की कहानी जितनी प्रेरणादायक है, उतनी ही संघर्षपूर्ण भी रही है। आमतौर पर इस उम्र में बच्चे केवल पढ़ाई पर ध्यान देते हैं, लेकिन अनुष्का के माता-पिता ने उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेल के प्रति भी प्रोत्साहित किया। उनकी मेहनत और परिवार के सहयोग ने आज उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह मुकाम दिलाया। अनुष्का अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच शिहान ई. राहुल श्रीवास्तव को देती हैं, जिन्होंने हर कदम पर उन्हें मार्गदर्शन और समर्थन दिया। राहुल श्रीवास्तव पहले भी अनुष्का को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं।

**पाकिस्तान के लिए एक और बुरी खबर**

# न्यूजीलैंड से वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद लगा जुर्माना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान अभी न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-0 से हार से उभरा नहीं कि उसे एक और झटका लगा है। पाकिस्तान पर माउंट माउंगानुई के बे ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इससे पहले उसे दौरे के टी20 चरण में 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था। यह पांच पुरुष वनडे मैचों में चौथी बार है जब मोहम्मद रिजवान की कप्तानी वाली पाकिस्तान टीम पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को कहा कि मैच रेफरी के एलीट पैनल के जेफ क्रो ने पाकिस्तान पर यह जुर्माना लगाया है। पाकिस्तान को निर्धारित समय में एक ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया था। आईसीसी ने एक बयान में कहा, खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

मैदानी अंपायर क्रिस ब्राउन और पॉल रीफेल के साथ-साथ तीसरे अंपायर माइकल गॉफ और चौथे अंपायर वेन नाइट्स द्वारा आरोप लगाए जाने के बाद रिजवान ने अपराध स्वीकार कर लिया। जिस मैच में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान पर एकदिवसीय श्रृंखला में जीत हासिल की उसमें माइकल ब्रेसवेल और राइस मारियू ने अर्धशतक जड़े जिससे ब्लैक कैप्स ने 42 ओवर में 264/8 रन बनाए। जवाब में तेज गेंदबाज बेन सियर्स ने लगातार दूसरी बार 5 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 221 रन पर आउट कर दिया और 43 रन से मैच जीत लिया जबकि मेहमान टीम को मेजबान टीम से लगातार छठी बार पुरुष एकदिवसीय मैच में हार का सामना करना पड़ा।

# 11 साल की उम्र में 55 किलो वजन, वेट कम करने के लिए शुरू की बॉक्सिंग, हितेश ने लगा दी मेडलों की झड़ी



**चंडीगढ, एजेंसी।** हरियाणा के झज्जर के 20 साल के बॉक्सर हितेश गुलिया ने ब्राजील में पहली बार हुए वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में भारत के लिए 70 किग्रा भार वर्ग में पहला स्वर्ण पदक जीता है। हितेश का बचपन में ज्यादा वजन होने की वजह से बॉक्सिंग शुरू की थी। 14 अक्टूबर 2014 को झज्जर के जिला स्टेडियम में वजन कम करने की मंशा से बॉक्सिंग रिंग में उतरे 11 वर्षीय बच्चे ने विश्व पटल पर देश और हरियाणा का नाम रोशन कर दिया है। झज्जर के गांव जहांगीरपुर निवासी 20 वर्षीय हितेश गुलिया ने ब्राजील में पहली बार आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में भारत के लिए 70 किग्रा भार वर्ग में पहला स्वर्ण पदक जीता है। 15 जनवरी 2022 को भारतीय नौसेना ज्वॉइन करने के बाद हितेश सर्विसेज की टीम के स्टार मुक्केबाज हैं। सेना में जाने से पहले हितेश के कोच रहे हितेश देसवाल ने बताया कि हितेश के पिता सत्यवान गुलिया पेशे से ठेकेदार हैं। हितेश अपने चार भाई बहनों में सबसे छोटे हैं। 11 वर्ष की उम्र में हितेश का वजन 55 किग्रा से ज्यादा था। इसी को कम करने की मंशा से पिता ने हितेश को उनकी निगरानी में बॉक्सिंग के रिंग में उतारा था। वर्ष 2014 में महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम झज्जर में हितेश ने मुक्केबाजी में अपना भविष्य संवारने के लिए कड़ी मेहनत शुरू कर दी।

**रिंग में अच्छे प्रदर्शन से माता-पिता का बढ़ा हौसला** - कोच हितेश देसवाल ने बताया कि हितेश के रिंग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने से उसके माता-पिता को भी प्रोत्साहन मिला। हितेश स्कूल नेशनल चैंपियन और तीन बार स्टेट चैंपियन भी रहे। वर्ष 2022 में नौसेना में भर्ती होने के बाद ऑल इंडिया सर्विसेज प्रतियोगिता में भाग लेकर कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं व वर्ल्ड मिलिट्री गेम्स में पदक जीते हैं।

# जामिया मिलिया इस्लामिया में पीजी डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन शुरू




नई दिल्ली। जामिया मिलिया इस्लामिया ने अपने नए पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह कोर्स खास तौर पर उन छात्रों और पेशेवरों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो भारत की सांस्कृतिक विरासत को डिजिटल माध्यम से संरक्षित करने और इसके संरक्षण के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल, 2025 है। इच्छुक उम्मीदवार जामिया मिलिया इस्लामिया की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**कोर्स की खासियतें**

यह पीजी डिप्लोमा कोर्स कई अनूठी विशेषताओं के साथ तैयार किया गया है, जो इसे अन्य पारंपरिक कोर्स से अलग बनाती हैं:

- प्रायोगिक प्रशिक्षण (Hands-on Practical Learning): छात्रों को वास्तविक परियोजनाओं पर काम करने का मौका मिलेगा।
- नवीनतम तकनीकी ज्ञान और डिजिटल स्किल्स: डिजिटल संरक्षण और तकनीकी कौशल पर विशेष जोर।
- विशेषज्ञ फैकल्टी और मार्गदर्शन: अनुभवी शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण।
- NEP 2020 से संरेखित: भारत सरकार की नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम।
- स्किल-बेस्ड लर्निंग: रोजगारोन्मुखी शिक्षा पर बल।

**करियर की संभावनाएं**

यह कोर्स अभिलेखागार, संग्रहालयों, पुस्तकालयों और पुरातत्व विभागों में रोजगार के अवसर प्रदान करता है। डिजिटल आर्काइव्स, पांडुलिपि संरक्षण, लाइब्रेरी ऑटोमेशन और डिजिटल हेरिटेज प्रिजर्वेशन जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग तेजी से बढ़ रही है। भारत सरकार की "भारतीय ज्ञान परंपरा" और संस्कृति मंत्रालय की परियोजनाएं, जैसे यूनेस्को से जुड़ी योजनाएं और कोव-फंडेड प्रोजेक्ट्स, इस क्षेत्र में अवसरों को और विस्तार दे रही हैं।

**मिशन से जुड़ने का अवसर**

जामिया मिलिया इस्लामिया का यह कोर्स न केवल करियर के लिए एक मज़बूत आधार प्रदान करता है, बल्कि भारत की अनमोल सांस्कृतिक धरोहर को डिजिटलीकृत करने और भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के मिशन का हिस्सा बनने का मौका भी देता है। विश्व स्तर पर डिजिटल संरक्षण के बढ़ते महत्व को देखते हुए यह कोर्स छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर साबित हो सकता है।

**आवेदन कैसे करें?**

आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को जामिया मिलिया इस्लामिया की आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल, 2025 है। समय पर फॉर्म जमा करना सुनिश्चित करें।

यह कोर्स उन लोगों के लिए एक शानदार अवसर है जो शिक्षा और तकनीक के माध्यम से भारत की समृद्ध विरासत को सहेजने में योगदान देना चाहते हैं। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर विजिट करें।

# कांग्रेस नेता के मंदिर जाने पर 'शुद्धिकरण', BJP ने ज्ञानदेव आहूजा को पार्टी से किया बाहर



जयपुर। भाजपा ने पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। उन्होंने अलवर में एक मंदिर का 'शुद्धिकरण' किया था। इस मंदिर में कांग्रेस नेता टीकाराम जूली भी गए थे। इससे पहले कांग्रेस ने भाजपा पर 'दलित विरोधी' होने का आरोप लगाया था। कांग्रेस ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से माफी मांगने की मांग की थी। आहूजा ने राम मंदिर में गंगाजल छिड़का था। टीकाराम जूली दलित समुदाय से हैं। उन्होंने मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लिया था।

**भाजपा ने जारी किया नोटिस**

भाजपा के प्रदेश महासचिव दामोदर अग्रवाल ने मंगलवार को आहूजा को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब मांगा था। आदेश में कहा गया है, 'भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार आपको तत्काल प्रभाव से भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित किया जाता है।' पत्र में आगे कहा गया है कि यदि आहूजा इन आरोपों पर कोई स्पष्टीकरण देना चाहते हैं तो तीन दिन के भीतर दे सकते हैं। इसके बाद उनके खिलाफ आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। पत्र में कहा गया है, 'इस मामले में आहूजा के बयान और कृत्य से पार्टी की छवि धूमिल हुई है। उनका कृत्य घोर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।'

**पूर्व सीएम गहलोत ने किया भाजपा पर हमला**

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस घटना को लेकर मंगलवार को जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया और इस घटना को भाजपा की 'दलित विरोधी मानसिकता' का उदाहरण बताया। कई जगहों पर आहूजा का पुतला भी जलाया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा नेता की आलोचना करते हुए कहा, "नेता प्रतिपक्ष जूली के मंदिर में जाने के बाद भाजपा नेता आहूजा द्वारा गंगाजल छिड़कने की घटना दलितों के प्रति भाजपा की दुर्भावना को दर्शाती है। 21वीं सदी के सभ्य समाज में ऐसी संकीर्ण मानसिकता स्वीकार्य नहीं है। इसकी निंदा करने के लिए कितने भी कड़े शब्दों का इस्तेमाल किया जाए।"

**सड़क पर उतरे कांग्रेसियों ने जताई नाराजगी**

अलवर के रामगढ़ स्थित रामलला मंदिर में कांग्रेस के नेता टीकाराम जूली द्वारा दर्शन करने के बाद भाजपा के पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा द्वारा गंगाजल छिड़ककर की गई टिप्पणी से नाराज कांग्रेस के प्रदेशव्यापी आह्वान पर अजमेर में कांग्रेसजन सड़कों पर उतरे और ज्ञानदेव आहूजा का पुतला जलाया। इस दौरान कांग्रेस जन ने गहरी नाराजगी दर्शाती हुए सरकार से माफी मांगने की आवाज भी उठाई। यह बात दीगर है कि ज्ञानदेव आहूजा के इस कृत्य के बाद भाजपा प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल ने उन्हें नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा है वहीं उन्हें प्राथमिक सदस्यता से निलंबित भी किए जाने की सूचना है।

अजमेर में कांग्रेस की ओर से ज्ञानदेव आहूजा का पुतला फूंकते हुए कहा कि भाजपा को दलितों के प्रति अपना रुख साफ करना चाहिए। भाजपा के ज्ञानदेव आहूजा के कृत्य से तो लगता है कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। उधर, ज्ञानदेव आहूजा को दिए गए नोटिस में कहा गया है कि उनके कृत्य से पार्टी की छवि धूमिल हुई है।

**आहूजा ने अपने सफाई में क्या कहा?**

हालांकि, आहूजा ने अपने कृत्य में किसी जातिगत पहलू का उल्लेख नहीं करते हुए अपने कृत्य का बचाव करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं को ऐसे समारोहों में शामिल होने का "कोई नैतिक अधिकार" नहीं है, क्योंकि पार्टी के नेतृत्व ने भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाया था और पिछले साल अयोध्या में अभिषेक समारोह का "बहिष्कार" किया था। दलित नेता जूली अलवर (ग्रामीण) सीट से कांग्रेस विधायक हैं, जबकि आहूजा अलवर के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व विधायक हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिस्बन का 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान



नई दिल्ली,(एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिस्बन में 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान से नवाजा गया। लिस्बन के मेयर कार्लोस मोएदास ने उन्हें यह सम्मान दिया। इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रपति ने लिस्बन के मेयर और लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लिस्बन अपने खुले विचारों, संस्कृति, सहिष्णुता और विविधता के प्रति सम्मान के लिए जाना जाता है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि लिस्बन एक वैश्विक शहर है जो तकनीकी बदलाव, इनोवेशन, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और डिजिटल संक्रमण के मामले में सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में भारत और पुर्तगाल आगे भी सहयोग कर सकते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा, "पुर्तगाल एक ऐसा देश है, जिसके साथ हमारे ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। भारत और पुर्तगाल के बीच सांस्कृतिक संबंध सदियों से चले आ रहे हैं, और इन्होंने हमारे रोजमर्रा के जीवन पर अमिट छाप छोड़ी है।

उन्होंने कहा, "इस वर्ष भारत और पुर्तगाल अपने राजनयिक संबंधों की स्वर्ण जयंती मना रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारा ऐतिहासिक सहयोग, एक गतिशील और बहुमुखी साझेदारी बनने की दिशा में दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है।

राष्ट्रपति मुर्मू पुर्तगाल और स्लोवाक गणराज्य की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा पर हैं।यह 25 से अधिक वर्षों में भारत के राष्ट्रपति की इन देशों की पहली राजकीय यात्रा है। इन यात्राओं से यूरोपीय संघ के दो महत्वपूर्ण भागीदारों के साथ भारत के बहुआयामी संबंधों का और विस्तार होगा।

पुर्तगाल में पिछली राजकीय यात्रा 1998 में हुई थी जब राष्ट्रपति के। आर। नारायणन वहां पहुंचे थे। राष्ट्रपति मुर्मू पुर्तगाल के प्रेसिडेंट मार्सेलो रेबेलो डी सूसा के निमंत्रण पर 7-8 अप्रैल तक पुर्तगाल की राजकीय यात्रा पर हैं।

पुर्तगाल से राष्ट्रपति मुर्मू स्लोवाकिया जाएंगी, जो 29 वर्षों में भारत के किसी राष्ट्रपति की पहली स्लोवाकिया यात्रा होगी।9-10 अप्रैल की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी और प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के साथ चर्चा करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू स्लोवाक गणराज्य की राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष रिचर्ड रासी से भी मिलेंगी।

# कांग्रेस की CWC बैठक में उठा विचारधारा का मुद्दा, BJP-RSS को सरदार पटेल पर घेरा

## -देश के बुनियादी मसलों से ध्यान भटकाया जा रहा है: खरगे



अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस वर्किंग कमेटी (CWC) की दो दिवसीय बैठक चल रही है। मीटिंग में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई सीनियर नेता मौजूद हैं। पहले दिन मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि पिछले कई सालों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सोचा समझा षड्यंत्र चलाया जा रहा है। उन्होंने यहां पार्टी की विस्तारित कार्य समिति की बैठक में यह भी कहा कि सरदार पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत थी और यह हास्यास्पद है कि आज इस संगठन के लोग सरदार पटेल की विरासत पर दावा करते हैं।

खरगे ने यह दावा भी किया कि आज सांप्रदायिक विभाजन के जरिये देश के बुनियादी मसलों से ध्यान भटकाया जा रहा है और सामंती एकाधिकार संसाधनों पर क़ब्ज़ा करते हुए शासन को नियंत्रित करने की राह पर हैं। उन्होंने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए यह जरूरी है। कार्यसमिति की बैठक का आयोजन यहां 'सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय स्मारक' पर किया गया।

पार्टी के अधिवेशन से एक दिन पहले उन्होंने कहा, "यह साल महात्मा गांधी जी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शताब्दी है। दिसंबर 1924 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी मेरे गृह राज्य कर्नाटक के बेलंगाव कांग्रेस अधिवेशन में अध्यक्ष बने थे। यह शताब्दी समारोह हमने 26 दिसंबर को कर्नाटक में मनाया।" उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि गुजरात की धरती पर पैदा हुई तीन महान हस्तियां दादा भाई नौरोजी, महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रहे। उनका कहना था, " गांधी जी ने हमें अन्याय के खिलाफ सत्य और अहिंसा का हथियार दिया। ये इतना मजबूत वैचारिक हथियार है कि इसके सामने कोई ताकत टिक नहीं सकती।

**पटेल की 150वीं जयंती मनाएगी कांग्रेस**

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, "इसी साल 31 अक्टूबर को सरदार पटेलजी की 150 वीं जयंती है। जवाहर लाल नेहरू नेहरू जी उनको "भारत की एकता का संस्थापक" कहते थे। उनकी 150 वीं जयंती हम लोग देश भर में पूरे उल्लास से मनाएंगे।"

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई सालों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सोचा समझा षड्यंत्र चलाया जा रहा है। खरगे ने कहा कि 140 सालों से देश में सेवा और संघर्ष के गौरवशाली इतिहास वाली कांग्रेस पार्टी के खिलाफ वातावरण बनाया जा रहा है। उनका कहना था, "ये काम वे लोग कर रहे है जिनके पास अपनी उपलब्धियां दिखाने को कुछ भी नहीं है। आजादी की लड़ाई में अपना योगदान बताने को कुछ भी नहीं है।" उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा, "वे सरदार पटेल और पंडित नेहरू के संबंधों को ऐसा दिखाने का षडयंत्र करते हैं जैसे दोनों नायक एक दूसरे के खिलाफ थे। जबकि सच्चाई ये है कि वो एक सिक्के के दो पहलू थे। तमाम घटनाएं और दस्तावेज इनके मधुर संबंधों की गवाह हैं।

उन्होंने कहा, "नेहरू जी से सरदार कितना स्नेह करते थे, आप इससे समझ सकते हैं। 14 अक्तूबर 1949 को सरदार पटेल ने कहा था कि पिछले दो कठिन सालों में नेहरूजी ने देश के लिए जो अथक परिश्रम किया है, वो मुझसे अधिक अच्छी तरह कोई नहीं जानता है।

मैंने इस दौरान उनको भारी भरकम उत्तरदायित्व के भार के कारण बड़ी तेजी के साथ बूढे होते देखा है।" उन्होंने कहा, "साथियों, सरदार पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत थी। उन्होंने तो आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन हँसी आती है कि आज उस संगठन के लोग सरदार पटेल की विरासत पर दावा करते हैं।

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत लखनऊ पहुंचे



लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इस समय आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की चर्चा तेज है। संघ प्रमुख प्रदेश के विशेष दौरे पर हैं, जिसे 'मिशन यूपी' नाम दिया गया है। सोमवार को वे काशी से लखनऊ पहुंचे। संघ के दफ्तर भारती भवन में कई महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल हुए। मोहन भागवत का यह दौरा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों से जुड़ा है। हालांकि, इसे यूपी की राजनीतिक हलचलों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल, यूपी में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसको लेकर लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद से लगातार प्रमुखता से देखा जा रहा है। इस कारण संघ प्रमुख के दौरे और निष्क्रिय सदस्यों से मुलाकात को अलग नजरिए से देखा जा रहा है।संघ प्रमुख ने अवध प्रांत के पदाधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें शाखाओं को हर घर और मोहल्ले तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा की गई। इसके साथ ही मोहन भागवत ने 'मन ठीक' पहल के तहत उन प्रचारकों से संवाद किया जो बीते कुछ वर्षों से निष्क्रिय हो गए थे। संघ का मानना है कि शताब्दी वर्ष की सफलता के लिए इन अनुभवी स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। साथ ही, सीनियर साथियों को सक्रिय कर पार्टी की स्थिति को भी बेहतर बनाने की योजना पर भी आगे काम किया जा सकता है।

**पुराने और वरिष्ठ पदाधिकारियों से मुलाकात**

इस दौरे में भागवत ने संघ के पुराने और वरिष्ठ पदाधिकारियों से भी मुलाकात की और संगठन के विस्तार को लेकर विमर्श किया। लखनऊ प्रवास के बाद वह लखीमपुर खीरी रवाना हो गए, जहां वह कबीरधाम सत्संग सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

वहीं वह संत असंग देव महाराज से भी मुलाकात करेंगे और उनके भक्त आवास के लिए चयनित भूमि का पूजन कर शिलान्यास करेंगे।सूत्रों के मुताबिक, यह संवाद संत समाज के साथ संघ के रिश्तों को और प्रगाढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भागवत वाराणसी और मिर्जापुर में भी कई संतों से मिल चुके हैं।

**भागवत का दौरा महत्वपूर्ण**

आरएसएस अब अयोध्या के बाद काशी और मथुरा के धार्मिक आंदोलनों को लेकर भी अपने प्रचारकों को सक्रिय भूमिका की अनुमति दे चुका है, जो इस दौरे को और अधिक राजनीतिक एवं सामाजिक दृष्टि से अहम बना देता है। संघ अपने शताब्दी वर्ष को लेकर देशभर में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर रहा है और इस अभियान के तहत मोहन भागवत का यूपी दौरा संगठन के लिए बेहद रणनीतिक माना जा रहा है।

**लखीमपुर दौरे पर गए भागवत**

लखनऊ के बाद आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का लखीमपुर दौरा पर पहुंचे। वहां उन्होंने गोला गोकर्णनाथ पहुंच कर पूजा-अर्चना की।

आरएसएस प्रमुख के सत्संग कार्यक्रम में शामिल होने का कार्यक्रम है। गोला के मुस्तफाबाद कबीरधाम में सत्संग कार्यक्रम होना है। इसको लेकर तैयारियों को पूरा कराया गया है। इलाके के निष्क्रिय स्वयंसेवकों से उनकी मुलाकात भी हो सकती है। इसके जरिए वे आरएसएस में अनुभवी लोगों की सक्रियता को बढ़ाने की कोशिश करते दिखेंगे।

# संभल की शाही जामा मस्जिद का नाम बदलेगा, ASI ने जारी किया 'जुमा मस्जिद' बोर्ड




संभल। शाही जामा मस्जिद एक बार फिर चर्चा में है। अब खबर है कि संभल की शाही जामा मस्जिद के बोर्ड का नाम बदला जाएगा। अब शाही जामा मस्जिद को जुमा मस्जिद के नाम से जाना जाएगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की तरफ से भेजे गए नए साइनबोर्ड में शाही जामा मस्जिद की जगह जुमा मस्जिद लिखा गया है। संभल की सत्यव्रत पुलिस चौकी में नया बोर्ड रखा हुआ है। नए बोर्ड पर लिखा है 'ASI संरक्षित स्मारक जुमा मस्जिद'। उम्मीद है कि सत्यव्रत पुलिस चौकी में रखा नीले रंग का एएसआई का यह बोर्ड जल्द ही पुराने बोर्ड की जगह लगाया जाएगा। पुराने बोर्ड पर 'शाही जामा मस्जिद' लिखा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक इस बोर्ड में कुछ और बदलाव किया जाना है इसलिए इसे अभी फिलहाल मस्जिद पर नहीं लगाया गया है। गजेट्स, पुराने कागजातों, ASI इसे जुमा मस्जिद कहती हैं, इसे शाही जामा मस्जिद नाम कैसे दिया गया ये भी जांच का विषय है।

**साइनबोर्ड का रंग भी बदला**

जानकारी के अनुसार, साइनबोर्ड का रंग भी बदल दिया गया है। हरे रंग की जगह नया साइनबोर्ड का नीले रंग का किया गया है। एएसआई के वकील विष्णु शर्मा ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि 'मस्जिद के बाहर पहले एएसआई का एक बोर्ड लगाया गया था, लेकिन कथित तौर पर कुछ लोगों ने इसे हटा दिया और इसकी जगह 'शाही जामा मस्जिद' लिखा एक बोर्ड लगा दिया। नया बोर्ड एएसआई के दस्तावेजों में दर्ज नाम 'जुमा मस्जिद' के अनुसार जारी किया गया है।

**एएसआई की तरफ से अभी नहीं आया बयान**

विष्णु शर्मा ने कहा कि इसी नाम से एक ऐसा ही नीला एएसआई बोर्ड मस्जिद परिसर के अंदर पहले से मौजूद है। एएसआई ने अभी तक नए साइनबोर्ड की स्थापना के समय के बारे में कुछ नहीं कहा है। मुगलकालीन मस्जिद एक बड़े विवाद का केंद्र बन गई है, क्योंकि एक याचिका में दावा किया गया है कि यह एक प्राचीन हिंदू मंदिर का स्थल है। पिछले साल 24 नवंबर को मुगलकालीन मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान संभल के कोट गर्वी इलाके में हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें चार लोग मारे गए थे, जबकि कई अन्य घायल हो गए थे।

# भीषण गर्मी से झुलस रहा राजस्थान, बाड़मेर ने तोड़ा 56 साल पुराना रिकॉर्ड



जयपुर। राजस्थान के ज्यादातर इलाकों में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है जहां अधिकतम तापमान सामान्य से 7 डिग्री सेल्सियस तक अधिक हो गया है। गर्मी पूरे राजस्थान में लू का कहर बरपा रही है। पश्चिमी और उत्तरी राजस्थान में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। वहां पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर में गर्मी ने 56 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है और आधे से ज्यादा राजस्थान का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। राज्य में सबसे गर्म स्थान पश्चिमी राजस्थान का बाड़मेर दर्ज किया गया।

**मुख्य जिलों का अधिकतम तापमान ये रहा-**

सोमवार को बाड़मेर में अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र (जयपुर) के अनुसार फिलहाल राज्य के अधिकतर भागों में अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है जो सामान्य से पांच से सात डिग्री सेल्सियस अधिक है। सोमवार को सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 45.6 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 6.8 डिग्री ज्यादा है। इसके अलावा चित्तौड़गढ़ में 44.4 डिग्री, अजमेर में 42.1 डिग्री, अलवर में 41.5 डिग्री, जयपुर में 41.8 डिग्री, सीकर में 41.5 डिग्री, कोटा में 44.1 डिग्री, जैसलमेर में 45.4 डिग्री, जोधपुर में 43.3 डिग्री, बीकानेर में 44.3 डिग्री, चूरू में 43.3 डिग्री और श्री गंगानगर में 43.3 डिग्री और माउंट आबू में 31.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया।

**इन जिलों में लू का सबसे ज्यादा असर-**

इसके अनुसार राज्य में आगामी दो-चीन दिन मौसम शुष्क रहने तथा तापमान में दो डिग्री तक की और बढ़ोतरी होने की संभावना है। तेज गर्मी एवं लू का सबसे अधिक असर 8 से 9 अप्रैल के दौरान बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा एवं जयपुर संभागों के अधिकतर क्षेत्रों में रहेगा। इस दौरान जोधपुर, बीकानेर और कोटा संभागों में कहीं-कहीं भीषण गर्मी पड़ सकती है।हालांकि 10-11 अप्रैल से एक नया पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने से राज्य के पश्चिमी एवं उत्तरी भागों में कहीं-कहीं मेघ गर्जन, आंधी के साथ हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। फलस्वरूप तापमान में दो-तीन डिग्री गिरावट होने की संभावना है।

# वक्फ संशोधन कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

## -सुप्रीम कोर्ट में 16 अप्रैल को सुनवाई — केंद्र ने दाखिल किया कैविएट

नई दिल्ली। वक्फ संशोधन बिल को संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा से पास करने के बाद राष्ट्रपति से मंजूरी मिल चुकी है। अब वक्फ बिल कानून बन गया है। हालांकि, विपक्षी दल और मुस्लिम संगठनों ने इस बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। अब सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई के तारीख तय कर दी है। सुप्रीम कोर्ट आने वाले 16 अप्रैल की तारीख को वक्फ कानून के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करेगा।

**केन्द्र सरकार ने कैविएट दाखिल किया**

दूसरी ओर वक्फ कानून के मामले को लेकर केंद्र सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल किया है। कैविएट याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा केंद्र सरकार को सुने बिना बिना कोई भी एकतरफा आदेश पारित नहीं किया जाए। अदालत कोई भी आदेश पारित करने से पहले केन्द्र सरकार की दलील भी सुने।

**किन-किन लोगों ने दाखिल की याचिका?**

वक्फ कानून को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में अब तक 10 से अधिक याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। याचिका दाखिल करने वालों में- DMK, कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, AIMPLB, जमीयत उलमा-ए-हिंद आदि शामिल हैं। बता दें कि प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने वक्फ कानून के खिलाफ याचिकाओं को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हुए विचार करने पर सहमति व्यक्त की है।

**लोकसभा-राज्यसभा में कैसे हुई वोटिंग?**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीते 5 अप्रैल को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को मंजूरी दे दी थी।

इस बिल को संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में देर रात तक चली बहस के बाद पारित कर दिया गया था। वक्फ बिल को लेकर हुई वोटिंग में राज्यसभा में 128 सदस्यों ने वक्फ विधेयक के पक्ष में और 95 सदस्यों ने विरोध में वोट दिया। वहीं, लोकसभा में 288 सदस्यों ने वक्फ बिल को समर्थन दिया जबकि 232 ने विरोध में मतदान किया।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,